चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 153 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
26 नवंबर 2024 मंगलवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो






## रिहाई के लिए सरकार पर बनाया दबाव

# इमरान समर्थक इस्लामाबाद में दाखिल, 4 रेंजर्स को मार डाला

**इस्लामाबाद.एजेंसी**

पाकिस्तान में आज हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर सैकड़ों समर्थक इस्लामाबाद में घुस गए हैं। इन्होंने श्रीनगर हाईवे पर रेंजर्स को गाड़ियों से कुचल दिया, जिसमें 4 पैराट्रूपर्स की मौत हो गई है। ऐसे हमलों में अब तक 4 रेंजर्स और दो पुलिस अधिकारियों की जान जा चुकी है, जबकि 100 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। सरकार ने सेना को बुला लिया है। सख्ती से निपटने के लिए देखते ही गोली मारने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदर्शनकारियों ने इमरान की रिहाई की मांग के साथ ही संसद तक मार्च निकालकर धरना देने का ऐलान किया है। इसे लेकर सरकार ने सख्त नाकाबंदी की है। नेशनल हाईवे पर बैरिकेड्स लगाए गए थे लेकिन इमरान के समर्थकों ने बैरिकेड्स हटा दिए, 72 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं, उन्होंने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर और इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद प्रभावित प्रांत से अपनी यात्रा शुरू की थी, जिसका उद्देश्य इस्लामाबाद में डी-चौक पर धरना देना था, जो कई महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों के करीब स्थित है इसमें राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय, संसद और सर्वोच्च न्यायालय शामिल हैं। अधिकारियों ने शिपिंग कंटेनर रखकर राजमार्गों को ब्लॉक कर दिया था, लेकिन लिफ्टिंग उपकरण और अन्य भारी मशीनों के साथ प्रदर्शनकारियों ने इन्हें हटा दिया और आगे बढ़ गए।

## संविधान दिवस पर राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया

# संविधान की भावना के मुताबिक विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका काम करें

**नईदिल्ली.एजेंसी**

संविधान दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित और कहा कि आज हम सब एक ऐतिहासिक अवसर के भागीदार बन रहे हैं। 75 साल पहले संसद के इसी कक्ष में देश के संविधान के निर्माण का बहुत बड़ा काम संपन्न किया और उसी दिन इस संविधान को अपनाया गया। यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला है। संविधान की भावना के अनुसार विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का दायित्व है कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करे। संविधान में प्रत्येक नागरिक के मूल कर्तव्य का स्पष्ट उल्लेख किया गया है हमारा संविधान जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है।उन्होंने कहा कि बाबा आंबेडकर ने संविधान सभा का नेतृत्व किया। भारत लोकतंत्र की जननी है। हमें उन अधिकारियों के अमूल्य योगदान को भी याद रखना चाहिए, जिन्होंने नेपथ्य में रहकर काम किया। जिनमें प्रमुख भूमिका बीएन राव की थी, जो संविधान सभा के सलाहकार थे। ज्ञात हो कि आज देश में संविधान लागू होने के 75 साल पूरे हो गए हैं। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान दिवस के अवसर पर विशेष स्मारक सिक्का भी जारी किया। साथ ही राष्ट्रपति ने एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया। संविधान दिवस के अवसर पर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति ने संस्कृत भाषा में संविधान की प्रति का विमोचन किया।

### चुनावी रार के बाद एक मंच पर मोदी- राहुल

इस आयोजन में पहली बार पीएम मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक साथ एक ही मंच पर बैठे नजर आए। हाल में दो राज्यों के चुनाव और इसके पहले हरियाणा के चुनाव के तीखे सियासी दौर के बाद यह दृश्य संसद के सेंट्रल हाल में दिखा। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ख?गे, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्?डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा के डिप्टी स्पीकर हरिवंश भी थे।

### बहस और विश्लेषण बिना जश्न पूरा नहीं

इस बीच, कांग्रेस के सांसद मनीष तिवारी ने संवैधानिक परियोजना की सफलताओं और नाकामयाबी पर चर्चा, बहस और विश्लेषण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भारतीय संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ का कोई भी जश्न तब तक पूरा नहीं होगा, जब तक लोकसभा और राज्यसभा संवैधानिक परियोजना की सफलताओं और असफलताओं पर चर्चा, बहस और विश्लेषण नहीं करती।

# दिल्ली में बिहारी लोकगीतों की धूम



**नई दिल्ली. एजेंसी**

भारत मंडपम में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में बिहारी लोकगीतों की धूम मची हुई है। बिहार के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा की मौजूदगी में बिहार के चोटी के पांच लोकगीत गायकों ने नीतू कुमारी नवगीत, सत्येंद्र कुमार संगीत, अमर आनंद, नीतू कुमारी नूतन और उषा सिंह ने भोजपुरी मैथिली,मगही और अंगिका लोकगीतों की झड़ी लगा दी। नूतन नवगीत ने भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग पर आयोजित भोजपुरी गीत गाकर दिल्ली प्रगति मैदान पर बिहार दिवस संध्या को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में भोला वर्मा ने तबला पर, शशि भूषण झा ने कीबोर्ड पर, हरीभूषण झा ने ढोलक पर, मनोज कुमार यादव ने पैड पर और कुमार पारस ने बैंजो पर कलाकारों के साथ शानदार तरीके से संगत किया। मंच संचालन रूपम त्रिविक्रम ने किया।

# चंडीगढ़ के नाईट क्लब में सुबह हुए धमाके

**चंडीगढ़. एजेंसी**

आज तड़के चंडीगढ़ के दो नाइट क्लबों के बाहर धमाका होने से दहशत है। संदिग्ध हमलावरों ने सेक्टर 26 स्थित नाइट क्लबों की ओर विस्फोटक फेंके। पहले कहा जा रहा था कि जिस क्लब को निशाना बनाकर विस्फोटक फेंका गया वह क्लब रैपर बादशाह का था लेकिन पुलिस ने इससे अब इनकार कर दिया है.। बताया जा रहा है कि दो अज्ञात बाइकसवारों ने संदिग्ध विस्फोटक फेंके। तड़के चार बजे के आसपास ये हमला किया। ये कम क्षमता का ब्लास्ट था इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। चंडीगढ़ पुलिस ने साफ कर दिया है कि यह ब्लास्ट बादशाह के क्लब सेल्विली में नहीं हुआ है बल्कि डेओरा में हुआ है जो बादशाह के क्लब के बगल में ही है। घटनास्थल के वीडियो में क्लब की टूटी हुई खिड़कियां देखी गई हैं।

## महाराष्ट्र में आज शाम तक शपथ या राष्ट्रपति शासन !

# शिंदे ने दिया इस्तीफा, फडणवीस के आसार, मगर उलझन बाकी

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र में बीजेपी की अगुवाई वाले महायुति ने विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की है लेकिन आज तीसरे दिन भी यह तय नहीं हो सका है कि सूबे का नया मुख्यमंत्री कौन होगा? इस पर अभी मंथन जारी है। इस बीच दोपहर में सीएम एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार की मौजूदगी में इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा। वहीं शिंदे की शिवसेना के नेता नरेश म्हस्के ने मुख्यमंत्री के पद को लेकर कहा कि महायुति का नेता ही महाराष्ट्र का सीएम होगा। उन्होंने ही शिंदे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाए जाने की वकालत की थी लेकिन अब यह माना जा रहा है कि भाजपा के फडणवीस अगले मुख्यमंत्री होंगे। चूंकि विधानसभा का कार्यकाल आज यानी 26 नवंबर तक ही है। और अभी



नए मुख्यमंत्री की शपथ की तारीख तय नहीं है। यदि शाम तक नाम का आधिकारिक ऐलान होगा तो माना जा रहा है कि नई सरकार में पहले की ही तरह दो डिप्टी सीएम होंगे। शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजीत गुट) से एक-एक डिप्टी सीएम होंगे। अजित पवार की ओर से और शिवसेना की ओर से शिंदे किसी विधायक का नाम आगे कर सकते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि शिंदे अब डिप्टी सीएम नहीं बनेंगे बल्कि वे अपने किसी विधायक का नाम बढाएंगे।

# नर्स बनकर सरकारी अस्पताल से बच्चा चुराया

**बेंगलुरू, एजेंसी।** कर्नाटक के कालाबुरगी में जिला अस्पताल से फर्जी नर्सों ने नवजात का अपहरण कर लिया। खुद को नर्स बताने वाली दो महिलाओं ने यह वारदात की और एक नवजात बच्चे को किडनैप कर लिया। सुबह 4 बजे अस्पताल के वार्ड 115 में कस्तूरी के घर बच्चे का जन्म हुआ। तभी अस्पताल के कर्मचारियों की यूनिफॉर्म में परिवार के पास आई संदिग्धों महिलाओं ने कहा कि उन्हें बच्चे को ब्लड टेस्ट के लिए ले जाना होगा। परिवार ने बच्चा दे दिया लेकिन वह उसे वापस लाई ही नहीं। परेशान माता-पिता, रामकृष्ण और कस्तूरी, सैयद चिंचोली गांव के रहने वाले हैं। ब्रह्मपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं।

# ड्राइवर ने पेशा बदला, 1000 वाहन चुराए

**गाजियाबाद।** पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश कर तीन शातिरों को गिरफ्तार किया। उनसे 8 कार, टैब और 17 चाबियां बरामद की गईं। गिरोह का सरगना शकील उर्फ भुरवा ने बताया कि वह 15 साल से वाहन चोरी कर रहा था। ट्रक चलाने का काम छोड़कर वह वाहन चोरी करने लगा और 1000 से ज्यादा वारदात कर चुका है। उसके साथी हसीन और समीर को गिरफ्तार किया गया। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। पूछताछ में सरगना शकील ने बताया कि वह पहले ट्रक चालक था।

# आस्ट्रेलिया से दौरा छोड़कर वापस लौटेंगे कोच गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पारिवारिक आपातकाल के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में ही ऑस्ट्रेलिया से वापस आएंगे। वह दूसरे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया लौट सकते हैं। दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से एडिलेड में खेला जाना है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में भारत की ऐतिहासिक जीत के दौरान गंभीर ने अहम भूमिका निभाई थी। कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में उन्होंने जसप्रीत के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई।

# संभल हिंसा: जायजा लेने गया डेलीगेशन नजरबंद

**संभल, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल हिंसा की जानकारी लेने के लिए टीम बनाई है। मंगलवार को सपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल संभल पहुंचकर घटना की हकीकत का पता लगाएगा, लेकिन प्रशासन ने सभी को नजरबंद कर दिया है। वहीं पुलिस का दावा है कि यह पूरी हिंसा सुनियोजित थी। इसके पीछे सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क से लेकर विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल और मस्जिद के सदर जफर अली तक की भूमिका है। पुलिस ने सात मुकदमे दर्ज किए हैं। दो दर्जन से ज्यादा लोग नामजद हैं और 2750 अज्ञात हैं। सांसद बर्क और विधायक पुत्र पर भीड़ को हिंसा के लिए उकसाने का आरोप है। एसपी केके विश्नोई का कहना है कि सांसद बर्क के बयान के चलते संभल में स्थिति बिगड़ी जबकि बर्क का कहना है कि घटना वाले दिन वो बेंगलुरु में थे।

## मेट्रो एंकर

## 3 टन खाना, ईंधन सहित जरूरी सामग्रियां भेजी गई

# सुनीता को बचाने के लिए कार्गो एयरक्राफ्ट अंतरिक्ष रवाना

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को स्पेस में 6 महीने का वक्त बीच चुका है, वो 5 जून से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर मौजूद हैं. इतने वक्त से अंतरिक्ष में रहने के चलते उन्हें खराब सेहत का भी सामना करना पड़ रहा है. पिछले दिनों सुनीता और बुच की स्पेस से तस्वीर सामने आई थी, जिसमें दोनों का वजन काफी घटा हुआ नजर आ रहा था।कहा जा रहा है स्पेस में फ्रेश फूड की सप्लाई नहीं हो पाने के चलते उनकी स्वास्थ्य ठीक नहीं है. ऐसे में अब नासा ने सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोर के लिए एक खास मिशन लॉन्च किया है. नासा ने एक अन-क्रू (बिना क्रू मेंबर वाला) विमान भारतीय समयानुसार लगभग शाम 6 बजे कजाखस्तान के बैकोनूर कोस्मोड्रोम से सोयुज रॉकेट के जरिये भेजा है. ये विमान भारतीय समयानुसार शनिवार रात 8 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पंहुचेगा खबरों के मुताबिक नासा ने रोस्कोसमोस के कार्गो स्पेसक्राफ्ट के जरिए स्पेस स्टेशन पर मौजूद एक्सपेडिशन-72 क्रू के लिए 3 टन खाना, ईंधन और अन्य जरूरी सामान भेजा।. कुछ दिनों पहले आई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खाने की आपूर्ति में संकट उत्पन्न हो गया था।

दरअसल, स्पेस स्टेशन पर स्थित फूड सिस्टम लैबोरेटरी में ताजे खाने की सप्लाई में कमी आ गई थी. इस समस्या के



तुरंत समाधान के लिए नासा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 टन फूड भेजने का फैसला लिया, ताकि अंतरिक्ष यात्रियों को आवश्यक वस्तुएं और ताजे खाने की आपूर्ति की जा सके। दरअसल 8 नवंबर को सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें दोनों का वजन काफी कम नजर आ रहा था, जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई गई थी. इस तस्वीर के बाद, अंतरिक्ष यात्रियों की सेहत पर सवाल उठने लगे थे।स्पेस ऑपरेशन मिशन डायरेक्टोरेट के प्रवक्ता जिमी रसेल ने इन चिंताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि ÷स्पेस स्टेशन पर मौजूद सभी एस्ट्रोनॉट्स नियमित मेडिकल जांच से गुजरते हैं. उनके स्वास्थ्य की निगरानी के लिए डेडिकेटेड फ्लाइट सर्जन तैनात होते हैं, और फिलहाल सभी एस्ट्रोनॉट्स की स्थिति पूरी तरह से सामान्य और अच्छी है.



### स्पेस में लंबे समय रहना खतरनाक

अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहना शरीर के लिए कई तरह से हानिकारक हो सकता है. इसमें सबसे बड़ा असर हड्डियों और मांसपेशियों पर पड़ता है. अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण का अभाव होने के कारण हमारी हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और मांसपेशियों का द्रव्यमान घटने लगता है. इसके अलावा, लाल रक्त कोशिकाएं भी तेजी से नष्ट होने लगती हैं, जिससे खून में ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है. स्पेस स्टेशन पर अधिक रेडिएशन का खतरा भी होता है, जो लंबे समय तक रहने से शरीर को प्रभावित कर सकता है इसके कारण, आंखों की नसों में दबाव भी पड़ता है।



## मंत्रालय व लिंक रोड के बीच इलाके का चेहरा बदलने की कोशिश

# पहले तो बनने दी, अब झुग्गियां तोड़कर मकान बनाने की कवायद

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राजधानी के सबसे कीमती और संवेदनशील इलाकों में शुमार अरेरा पहाड़ी पर मंत्रालय और लिंक रोड एक के बीच बने विशाल झुग्गी बस्ती को हटाने की कवायद तेज हो गई है। सरकार इलाके को सुंदर बनाने की गरज से झुग्गी तोडकर पक्के आवास बनाने के मिशन पर है, इससे बची जमीन का व्यावसायिक इस्तेमाल भी करने की योजना तैयार की गई है। लेकिन इलाके की सूरत बदलने की यह योजना कोई नई नहीं हैं बल्कि बीते सालों में कई बार इस तरह की योजना बनी और फाइलों में दबती रहीं हैं। इस बार केंद्र व राज्य के वित्तीय सहयोग से नगर निगम व जिला प्रशासन छह झुग्गी बस्तियों को विस्थापित करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट बना चुके हैं।

जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के तहत मंत्रालय के पास स्थित करीब 40 एकड़ जमीन पर 1100 करोड़ से 116 इमारतें बनाई जाएंगी। इनमें यहां 28 हेक्टेयर भूमि पर बनी आठ हजार 214 झुग्गिवासियों को आवास आवंटित किए जाएंगे। इन झुग्गियों में लगभग 28 हजार 334 लोग निवास करते हैं। इस प्रोजेक्ट पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह व नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन आगामी कार्य योजना पर जुटे हैं। हालांकि नगर निगम व जिला प्रशासन का लापरवाही व अनदेखी के कारण ही मंत्रालय और विधानसभा भवन के सामने झुग्गी बस्ती बसती और बढती रही है। इसमें स्थानीय राजनीति का भी दखल होने की वजह से समस्या बेकाबू हो गई है। आलम यह है कि ढालनुमा आकार में पहाडी पर इन बस्तियों में करीब 29 हजार लोगों का शहर ही बस गया है। इसका दबाव लिंक रोड पर बने सरकारी भवनों,उद्यानों पर भी पड रहा है।

अब इलाके सहित अन्य क्षेत्र में नई झुग्गियों के बनने से रोकने के लिए निगरानी समिति बनाई जाएगी। इस समिति में तहसीलदार, जोनल अधिकारी और एएचओ शामिल रहेंगे। यह अब तक चिह्नित की गई झुग्गियों के अलावा जहां भी नई झुग्गी बनती है तो उसे चिह्नित कर तोड़ने की कार्रवाई करेंगे।

शहर में कुल 388 झुग्गी बस्तियां चिन्हित की गई हैं, जिनमें लगभग एक लाख 56 हजार 560 झुग्गियां बनी हुई हैं। मंत्रालय के पास बनी झुग्गियों के लिए यहां स्थित शासकीय भूमि पर सुराज योजना के तहत ईडब्ल्यूएस आवास बनवाए जाएंगे। यह मकान निजी डेवलपर से बनवाए जाएंगे, जिसके बदले में उसे यहां पर प्रतिपूरक भूमि पार्सल (सीएलपी) के तहत भूमि आवंटित की जाएगी। डेवलपर द्वारा इस भूमि पर रिडेंसीफिकेशन के तहत आवासीय परियोजनाओं में मॉल, व्यवसायिक कांप्लेक्स, प्राइम डेवलपमेंट के कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही पार्किंग क्षेत्र, कम्युनिटी हॉल, दुकानें आदि भी बनाई जाएंगी। जिससे आसपास के लोगों को यहां रोजगार भी मिल सकेंगे।



### 116 नौमंजिला इमारत बनेंगी

झुग्गियों को विस्थापित करने के लिए बनाई जाने वाली 116 इमारतें नौ मंजिला होंगी। हर इमारत में 72 आवास बनाए जाएंगे, एक फ्लोर पर आठ आवास रहेंगे। यहां रहने वाले झुग्गिवासियों को अन्य दूसरी जगह जाना नहीं होगा। हालांकि निर्माण के दौरान इन्हें विस्थापित होना पड़ेगा। पहले क्लस्टर के लिए मंत्रालय के आसपास वल्लभ नगर एक, दो, ओमनगर, एक, दो, भीमनगर, मालवीय नगर को चिह्नित किया गया है। ये बस्तियां करीब सवा सौ एकड़ क्षेत्र में बनी हुई हैं।

### जनवरी से शुरू होगा काम

बताया जाता है कि नगर निगम द्वारा तैयार किए गए पायलट प्रोजेक्ट के तहत दिसंबर तक सभी तरह की कागजी प्रक्रिया पूरी की जानी है। मंत्रालय के आसपास बनी आठ हजार 214 झुग्गियों को हटाने के लिए तैयार इस डीपीआर को जल्द ही शासन को भेजा जाएगा। जहां से अनुमति मिलने के बाद इसके तहत जनवरी 2025 से काम शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

# क्रेडाई के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन में जुटे भोपाल के डेवलपर्स

## देश के सबसे बड़े रियल एस्टेट संगठन का आयोजन

भोपाल. दोपहर मेट्रो।



क्रेडाई यानी कॉन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया के 25वें फाउंडेशन डे सेलिब्रेशन में भोपाल का डेलीगेशन प्रेसिडेंट मनोज मीक की लीडरशिप में दिल्ली पहुंचा है। यह दो दिवसीय आयोजन देशभर से हजारों रियल एस्टेट डेवलपर्स को एक मंच पर लाने का प्रतीक है, जहां शहरी विकास, रियल एस्टेट नीति और देश की आर्थिक उन्नति के लिए रणनीतियों पर विचार-विमर्श हो रहा है।

समारोह में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने क्रेडाई के योगदान को देश की अर्थव्यवस्था और रोज़गार निर्माण में 'गौरवशाली भूमिका' बताया। उन्होंने क्रेडाई के सदस्यों को धन्यवाद दिया और शहरीकरण की चुनौतियों का सामना करने के लिए इस संगठन की प्रतिबद्धता की सराहना की। क्रेडाई नेशनल प्रेसिडेंट बोमन ईरानी ने बताया कि हर चैप्टर उभरते शहरीकरण के मुद्दों से निपटने के लिए तैयार है। टियर-2 सिटी चैप्टर, मजबूत भूमिका निभा रहे हैं, हम मिलकर विकसित भारत के लिए काम करते रहेंगे।

**भोपाल शहरी विकास की नई पहल का केंद्र :** भोपाल चैप्टर ने इस समारोह में शहरीकरण की चुनौतियों से निपटने के लिए मध्य प्रदेश के डेवलपर्स की सक्रियता को प्रस्तुत किया। मनोज मीक ने लॉन्ग-टर्म पॉलिसी बनाने, सिटीज के वर्ल्ड क्लास डेवलपमेंट प्लान बनाने और क्रेडाई को अर्बन पॉलिसी मेकिंग में शामिल करने की सरकार से मांग की और नेशनल एवरेज से कम अर्बनाइज्ड़ और कम पॉपुलेशन डेंसिटी वाले मध्यप्रदेश जैसे राज्यों की ओर विशेष ध्यान देनें पर जोर दिया।

# निर्माण एजेंसियां पर नजर रखें कार्यकर्ता: मंत्री गौर

## पौने दो करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

पिछड़ा वर्ग राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि निर्माण एजेंसियां कार्यों की गुणवत्ता पर सतत् नजर रखे। उन्होंने कहा कि नागरिकों को किए गए बादे के अनुसार क्षेत्र में विकास कार्यों में कमी नहीं रहने दी जाएगी। आवागमन के लिए स?कों के निर्माण में पूरा-पूरा ध्यान रखा जा रहा है। स?के लंबे समय तक चले, इसलिए सीमेंट क्रांकीट रोड बनाए जा रहे है। नागरिकों स्वच्छ पानी मिले इसके भी इंतजाम किए जा रहे है। कॉलोनियों में नालियों का निर्माण कर सीवेज व्यवस्था को ठीक किया जा रहा है। राज्यमंत्री गौर ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 74 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने एक करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से होने वाले कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गौर ने वार्ड 74 की हैप्पी ग्रीन कालोनी में 30 लाख रुपए की लागत से साहू समाज भवन से बाईपास रोड तक बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया। कैलाश नगर सेमराकलां में 23 लाख 85 हजार की लागत से सीसी रोड और नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। संतोष नगर में 22 लाख 63 हजार रुपए की लागत से बनने वाली आर सीसी नाली का भूमिपूजन और और रहवासियों को पीने के पानी की समस्या के निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## विद्यासागर स्कूल में 'रेज ऑफ कल्चर' का आयोजन

# बच्चों को श्रेष्ठ वातावरण दें अभिभावक: सिद्धभाऊजी



हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

विद्यासागर पब्लिक स्कूल, राधीबाई हासोमल ख्यांतानी फाउंडेशन स्कूल एवं अर्जन हाथीरामानी मेमोरियल प्ले स्कूल द्वारा संत हिरदाराम ऑडिटोरियम में स्थापक संस्था शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी का स्थापना दिवस एवं विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सोशल मीडिया एंड रियल लाइफ इनफ्लुएंसर रश्मि गोल्या थी। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें सोचने-समझने की शक्ति देती है जिससे हम सही निर्णय ले सकते हैं। शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊजी ने कहा कि इस विद्यालय में हम प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं लेकिन जो कुछ भी बच्चे यहां सीखते हैं, वह उनके जीवन में उसे तभी आत्मसात कर पाएंगे जब उन्हें घर पर भी वैसा ही वातावरण मिलेगा। इसके पूर्व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। सोसायटी का वार्षिक प्रतिवेदन सहसचिव के एल रामनानी रखा।

**380 बच्चों ने दी प्रस्तुति:** रंगारंग कार्यक्रम में प्री-नर्सरी के नन्हें बच्चों ने प्रकृति विषय पर आधारित रैंप वॉक की सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चों ने महान योद्धा तानाजी की वीरता एवं खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को भी नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया। शिव तांडव, कालबेलिया, आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कुल 380 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा मिश्रा एवं अंजू गोगिया ने किया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, सेवासदन आई हॉस्पिटल के एल सी जनियानी, नवयुवक परिषद के महासचिव थावर वरलानी, संस्था के अकादमिक निदेशक गोपाल गिरधानी, स्कूल की शिक्षिकाएं, बच्चे एवं अभिभावगण उपस्थित थे।

## संस्कार विद्यालय में शाकाहार दिवस पर कार्यक्रम

# दृढ़ संकल्प ले मांसाहार का नहीं करेंगे सेवन: बसंत



हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में साधु टी.एल. वासवानी का जन्मदिवस शाकाहार दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधन समिति सदस्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने मांसाहार त्यागने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने साधु टी. एल. वासवानी को याद करते हुए कहा कि कहा कि हम प्रत्येक वर्ष शपथ लेते है कि हम मांसाहार का सेवन नहीं करेगें, तो हमें उसका अनुसरण करना चाहिए, बार-बार संकल्प लेने की आवश्यकता नहीं है हमारी कथनी और करनी में फर्क नहीं होना चाहिए, हम जो कहे वही करें, इसका चिंतन करना बहुत जरूरी है। यदि आप मांसाहार त्याग कर पशु पक्षियों पर दया कर रहे हैं तो उसका अच्छा परिणाम आपको ही मिलेगा। संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने कहा कि हम उन लोगों के हृद्य से आभारी हैं जो जीव दया के लिए तथा प्राणी को हत्या को रोक लगाने के लिए दृ? संकल्पबद्ध हैं और साधु वासवानी के बताए मार्ग का अनुसरण स्वयं तो कर रहे हैं, दूसरों को भी प्रेरित कर रहे है। कार्यक्रम में प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम प्रमुख रूप से मौजूद रहे। साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय संतनगर में साधु टीएल वासवानी का जन्मोत्सव मनाया गया। संस्कार स्कूल की शिक्षिका रेनू ने दादा वासवानी के जीवन संघर्ष व उनके उपदेशों पर प्रकाश डाला। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ बीडी पांडे, डायरेक्टर डॉ डी के दुबे ने छात्रों को शाकाहार की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन प्रध्यापिका डॉ सुप्रिया दास ने किया।

# हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां तेज



**हिरदाराम नगर.** नुक्कड़ वाली माता मंदिर में श्री हनुमान लला की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पांच दिवसीय यज्ञ के बाद शुभ मुहूर्त में नगर भ्रमण के बाद प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में ब्राह्मण प्रतिमा स्थापित करेंगी। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के नेता विशाल पुरोहित एवं कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विष्णु विश्वकर्मा को मुख्य सूत्रधार हैं। पंडित रवि पटैरिया ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रचार प्रसार का काम शुरू हो गया है।

# युवा उत्सव: संत कॉलेज की छात्राओं ने प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार



हिरदाराम नगर. एजेंसी

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने जिला स्तरीय युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा को साबित किया। आयोजन में छात्राओं ने वन एक्ट प्ले, स्किट और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लिया और सफलता हासिल की। वन एक्ट प्ले में प्रथम स्थान प्राप्त कर छात्राओं ने अपनी अभिनय क्षमता और सामाजिक संदेशों को दर्शकों तक पहुंचाया। स्किट प्रतियोगिता में छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में तर्कसंगत विचार और सशक्त अभिव्यक्ति के साथ अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निर्देशक हीरो ज्ञानचंदानी और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और कहा, यह सफलता छात्राओं की मेहनत, उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन और कॉलेज के समर्पण का परिणाम है। हमारा संस्थान सदैव छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस उपलब्धि ने कॉलेज के गौरव को बढ़ाया है और छात्राओं को आगे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया है।

**मेट्रो एंकर**

## शाकाहार का आग्रह करने बच्चों ने निकाली रैली

# समाजसेवियों, शिक्षाविदों ने साधु वासवानी को याद किया



हिरदाराम नगर. एजेंसी

साधु वासवानी स्कूल में दादा टी.एल.वासवानी के जन्म दिवस पर शाकाहार जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों ने लोगों से शाकाहार जीवन जीने का आग्रह किया। विद्यार्थियों ने पशु-पक्षियों के रुप में मूक प्राणियों पर दया करो मांसाहार का त्याग करो के नारे लगाए। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि कर्म को सर्वोपरि स्थान पर रखें क्योंकि जैसा हम कर्म करेंगें वैसा ही हमें फल प्राप्त होगा अतः मन, वचन, कर्म से सभी का भला करें तो हमारा भी अवश्य ही भला होगा। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम यह संकल्प ले कि हम सभी दादा जी के जीवन से प्रेरणा लेगे और उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारेंगें।

**विशिष्ठजनों ने विचार रखे:** कार्यक्रम में डॉ. राजकुमारी चोटरानी, दादा टी.एल. वासवानी की शिष्या कविता दीदी, पूजा ज्ञानचंदानी, रेनू दीदी व वासदेव वाधवानी, दीनू वाधवानी, जनक थद्धानी, दिलीप मंगतानी, नरेश ज्ञानचंदानी, बसंत चेलानी, नंद दादलानी, पार्षद राजेश हिंगोरानी ने साधु वासवानी पर विचार रखे। विद्यालय की छात्रा कोमल ने भी विचार व्यक्त किए। सभी ने कहा दादा वासवानी के मार्ग पर चलकर शाकाहारी समाज का निर्माण करना है।

**अतिथियों ने किया सम्मानित:** दादा टी.एल. वासवानी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आए हुए अतिथियों द्वारा दादा वासवानी के स्वरुप में आए हुए विद्यार्थी को शाल पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को यूनीफार्म एवं स्कूल सामग्री वितरित की गई। सभी विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि हम आजीवन शाकाहार को अपनाएंगें।

**नूरी ग्रंथ पाठ का समापन:** नूरी ग्रंथ के पाठ का समापन आरती, अनंद साहिब, अरदास व भजन-कीर्तन व प्रसाद वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन भावना कलवानी एवं आभार उपप्राचार्या स्वाति कलवानी द्वारा व्यक्त किया गया।

### छोटे कामों के लिए बड़ी परेशानी में डालने वाले अफसरों को फटकार

# सीएस ने कहा – शिकायत की नौबत ही क्यों आ रही?

## समाधान ऑनलाइन में अफसरों से किए सवाल, गिरेगी गाज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सीएम डॉ. मोहन यादव विदेश में हैं लिहाजा उनकी जगह सीएस अनुराग जैन ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनी। जिसमें कई चौंकाने वाली शिकायतें मिली। सीएस ने कहा कि इन शिकायतों का निराकरण तो अधिकारी खुद के स्तर पर कर सकते थे, इन्हें इतनी ऊपर आना ही नहीं था। ये शिकायतें ऊपर तक आई है इसका मतलब हुआ कि आप लोगों को ठीक से सुन नहीं रहे हैं ऐसा बिल्कुल भी नहीं चलेगा। प्रत्येक नागरिकों को उसकी समस्या का निराकरण नहीं होने तक सुनना पड़ेगा। यदि संबंधितों की शिकायतें तर्क संगत नहीं है तो उन्हें यह बात समझानी होगी। कानूनी दायरे में रहकर उनके काम कराने होंगे।



सीएस ने कहा– सीएम  न यादव से लेकर हर स्तर पर यही समझाइश दी जा रही है तब भी बातें नहीं मानना और शिकायतें उपर तक आना, यह ठीक नहीं है इस पर कार्रवाई की जाएगी। सीएस ने कई अधिकारी, कर्मचारियों को चेतावनी, कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश दिए। साथ ही कुछ को तो निलंबित करने को भी कहा है।

### दो मामलों में लगाई फटकार

**पहला मामला:** व्यापारी सिंगरौली में एक व्यापारी द्वारा कनेक्शन की राशि वापस मांगे जाने पर उस शिकायत को बंद करने की बात जब सीएस के संज्ञान में आई तो उन्होंने कहा कि जब व्यापारी को शिकायत करने के बाद भुगतान किया जा सकता है तो वही भुगतान उन्हें बिना शिकायत के भी किया जा सकता था लेकिन यह काम नहीं हुआ। व्यापारी को शिकायत करनी पड़ी। वह तो परेशान हुआ ही, सिस्टम में भी एक शिकायत बढ़ गई, आप और हम सब लोगों को उस पर आज बात करनी पड़ रही है। व्यापारी भी आज तक परेशान रहा। ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने संबंधी एसई के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

**दूसरा मामला:** ग्वालियर के एक नागरिक ने हैंडपंप में पाइप बढ़ाने की मांग की थी, उसे अधिकारियों ने यह कहते हुए दबावपूर्वक बंद कर दिया कि अभी स्टोर में पाइप ही नहीं है। जिस पर सीएस ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण यंत्री से जवाब मांगा। उन्होंने बताया कि स्टोर में पाइप नहीं था इसलिए शिकायत बंद करनी पड़ी, जिस पर सीएस ने कहा स्टोर में पाइप नहीं था तो मंगवाया जा सकता था, उसके बाद पाइप बढ़ावा सकते थे, शिकायत बंद करना तो ठीक नहीं है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधीक्षण यंत्री को उक्त लापरवाही पर नोटिस जारी करें।

### सीएस की खास समझाइशें

प्रक्रिया आधारित (प्रोसेस बेस्ड) सिस्टम बनाएं, जिसमें काम का बोझ कम होकर, समय सीमा पर कार्य हो सकेंगे। सीएस ने कहा कि अपने अधिकारियों कर्मचारियों की क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) की जानी चाहिए, उन्हें विश्वास में लेकर कार्य किए जाएं। जिलों में विभागवार जनसमस्याओं का बारीकियों से निदान करें। अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाए और उनके कार्यों से अन्य अधिकारियों कर्मचारियों को भी अवगत कराएं।

### समाधान ऑनलाइन में यह भी हुआ

– कलेक्टर शिवपुरी ने बताया कि शिकायतकर्ता विक्रम सिंह सोलंकी के गेहूं भुगतान लंबित रहने में लापरवाही बरतने वाले लिपिक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है एवं आवेदक की लंबित राशि का भुगतान किया जा चुका है।

– उमरिया के बहोरी सिंह को पोर्टल में एंट्री सही नहीं होने के कारण एक साल विलंब से पट्टा मिल सका। जिस पर सीएस ने पोर्टल सही करने एवं एक साल से प्रकरण लंबित होने की जांच का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य एवं संबंधित कलेक्टर को निर्देशित किया।

– धार जिले में आवेदक को दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने के लिए देरी करने पर प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ने बताया कि सम्बन्धित लिपिक को निलंबित कर दिया गया है।

– नीमच जिले के खुशाल पाटीदार को ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से भुगतान करने में विलंब होने पर व्यवस्थागत सुधार लाने एवं अन्य लंबित आवेदनों का निराकरण 15 दिवस में में करने के निर्देश दिए गए।

– राजगढ़ के आवेदक विष्णु शर्मा को नल कनेक्शन में देरी में होने पर सम्बन्धित मुख्य नगर पालिका अधिकारी की वेतन वृद्धि रोकने एवं जुर्माना लगाए जाने की जानकारी आयुक्त नगरीय निकाय द्वारा दी गई।

– पन्ना जिले के आवेदक के धान उपार्जन में राशि भुगतान नहीं होने पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से 15 दिन में निराकरण करने के निर्देश मुख्य सचिव ने दिए।

– खरगोन के विक्रम सोलंकी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में विलंब से भुगतान के दोषी पटवारी को निलंबित करने की जानकारी कलेक्टर ने दी।

– रतलाम की कंकू बाई की दूसरी डिलीवरी की राशि मिलने में देरी पर सम्बन्धित एएनएम को निलंबित करने की जानकारी कलेक्टर ने दी।

### पश्चिम क्षेत्रीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता

## बालिका वर्ग में मप्र-महाराष्ट्र बने विजेता, बालक वर्ग की स्पर्धा आज

**भोपाल।** पश्चिम क्षेत्रीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी स्थित सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया।?पश्चिम क्षेत्रीय प्रतियोगिता में 6 राज्यों के विजेता प्रतिभागी शामिल हुए।?जिसमें 283 बालिकाओं तथा 240 बालक क्रमशः पाइप बैंड एवं ब्रास बैंड की सहभागिता रही। सोमवार को बालिका वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग की ब्रास बैंड विधा में मध्यप्रदेश और पाइप बैंड विधा में महाराष्ट्र के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल ने विजेता टीमों को पुरूस्कृत किया। वहीं मंगलवार को बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। प्रतियोगिता की नोडल अधिकारी अर्चना अली ने बताया कि वेस्ट जोन के 6 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र गोवा एवं केन्द्र शासित प्रदेश दमन एवं दीव तथा दादर नगर हवेली के विजेता प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। इसमें ब्रास बैंड विधा में प्रथम स्थान मध्यप्रदेश, द्वितीय स्थान राजस्थान तथा तृतीय स्थान गोवा की टीम ने प्राप्त किया। पाइप बैंड विधा में महाराष्ट्र की टीम प्रथम, गुजरात की द्वितीय और राजस्थान की टीम तृतीय स्थान पर रहीं। बता दें कि इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता 76वें गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित होगी। प्रथम स्थान पाने वाली ये दोनो टीमें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में आगामी 24 एवं 25 जनवरी 2025 को पश्चिम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## एनआईटीटीटीआर और सीएसआईआर के बीच एमओयू

**भोपाल।** राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) और सीएसआईआर- केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी (राजस्थान) ने सेमीकंडक्टर तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता किया। एन.आई.टी.टी.आर भोपाल के निदेशक प्रो. सी.सी त्रिपाठी व सीएसआईआर- सीरी के निदेशक प्रो. पी.सी पंचारिया ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य सेमीकंडक्टर पैकेजिंग और ऑउटसौर्सेड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओसेट) पर संयुक्त गतिविधियाँ ब?ाना है, जो देश में सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी के विकास को गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रो. सी.सी त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस समझौते से दोनों ही संस्थान देश के सेमीकंडक्टर मिशन को एक मजबूत आधार देंगे, जो देश की इलेक्ट्रॉनिक्स व सेमीकंडक्टर उद्योग की वृद्धि में सहायक होगा। सीएसआईआर-सीरी, पिलानी का सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में गहरा अनुभव और एनआईटीटीटीआर, भोपाल की ओसेट क्षेत्र में बढ़ती गतिविधिया इस समझौते को महत्वपूर्ण बनाती हैं। एन.आई.टी.टी.आर ने ओसेट के लिए कौशल केंद्र भी प्रारम्भ किया है। इसमें प्रशिक्षण, असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग एंड पैकेजिंग जैसी क्षमताओं का विकास किया जायेगा।



## संपादकीय

# जीत से मिट रही पुरानी टीस

महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावी नतीजों ने मतदाता के मानस का नया संकेत दिया है। इन नतीजों ने फिर राजनीति के जानकारों को चौंका दिया। महाराष्ट्र में इतनी बड़ी जीत की उम्मीद शायद भाजपा समेत महायुति के समर्थकों को भी नहीं होगी। वहीं, झारखंड में भाजपा को सत्ता में वापसी की प्रबल आस थी, लेकिन वह अधूरी ही रह गई। मगर इन नतीजों का असर देश की सियासत पर पड़ना तय है। सीटों की संख्या के लिहाज से यूपी के बाद दूसरे सबसे बड़े राज्य महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सभी का ध्यान खींचा था। लेकिन छह महीने बाद अब विधानसभा की लड़ाई बिल्कुल अलग रही। भाजपा व उसके गठबंधन की एकतरफा जीत बताती है कि महायुति की शिंदे सरकार से जनता नाराज नहीं थी। वहीं, अगर कोई असंतोष रहा भी हो, तो सरकार ने उसे सही समय पर दूर कर लिया। दोनों ही राज्यों में मौजूदा सरकारों ने महिलाओं को लुभाने के लिए योजनाओं का ऐलान किया। महाराष्ट्र में लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना को गेमचेंजर माना जा रहा है, जिसने महिलाओं को महायुति के पाले में ला खड़ा किया। महाविकास आघाड़ी के उठाए मुद्दे बेअसर रहे। इसी तरह, झारखंड में हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के जरिये महिला वोटर्स को साधा। इन चुनावों में पार्टियों द्वारा की जा रही मुफ्त योजनाओं की घोषणा खूब चर्चा में रही। इसकी आलोचना भी हुई। लेकिन, परिणामों से जाहिर है कि इसका असर हुआ है। शिंदे और सोरेन सरकार, दोनों ने बुजुर्गों, युवाओं, किसानों के लिए कई वादे किए। जनता के बीच यह बात भी फैली कि अगर सरकार बदलती है तो योजनाएं बंद हो जाएंगी। हालांकि यह चुनाव 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं, तो सेफ हैं' जैसे नारों के लिए भी याद रखा जाएगा। भाजपा नेताओं ने हिंदुत्व की आक्रामक राह पकड़ी और हिंदू समाज को एकजुट कर लिया। लेकिन, यही बात मुस्लिमों को लेकर कांग्रेस नहीं कह सकेगी। जबकि झारखंड में भाजपा का यही कार्ड नहीं चला। वहां पार्टी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया था, जो कारगर नहीं रहा। आदिवासी समाज ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का साथ दिया। इसके पीछे हेमंत के साथ सहानुभूति फैक्टर रहा। बहरहाल, लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के अच्छा प्रदर्शन अब बहुत पुरानी बात लग रही है। क्योंकि महीने भर पहले ही हरियाणा के बाद अब महाराष्ट्र में मिली बड़ी हार ने इंडिया गठबंधन के भीतर कांग्रेस की स्थिति कमजोर कर दी है। झारखंड में अलायंस को भले जीत मिली, लेकिन उसमें कांग्रेस का बहुत बड़ा रोल नहीं कहा जा सकता। इसका असर आने वाले चुनावों पर पड़ेगा, जहां कांग्रेस को सीटों के लिए सहयोगियों के साथ ज्यादा कड़ी सौदेबाजी करनी पड़ सकती है। अभी दिल्ली व बिहार में चुनाव होने वाले हैं। भाजपा और केंद्र सरकार, दोनों के पास यह कहने का मौका है कि जनता ने उनके 'एक राष्ट्र एक चुनाव' और 'समान नागरिक संहिता' जैसे अजेंडे को स्वीकार किया है। इसलिए कल जब संसद का सत्र शुरू हुआ तो भाजपा का आत्मविश्वास भी नजर आया। संसद के भीतर सत्तारूढ भाजपा गठबंधन अब विपक्ष पर ज्यादा विश्वास से हमले कर सकेगा क्योंकि वह दो राज्यों में चुनाव के चलते छह महीने पहले लोकसभा चुनाव में बहुमत से पीछे रह जाने की टीस को पीछे छोड़ चुका है।इसकी झलक भी मिली जब सत्र के पहले खुद पीएम मोदी ने कहा कि जनता जिन्हें अस्सी बार नकार चुकी है वे लोग संसद के भीतर हंगामे कर कामकाज बाधित करते हैं। लिहाजा अब कांग्रेस पर बड़ी जिम्मेदारी है कि वह संसद का दूसरा सबसे बड़ा दल होने के नाते प्रतिपक्ष की रचनात्मक और परिपक्व भूमिका में नजर आए।

**आलसी मनुष्य का न कोई वर्तमान होता है और न कोई भविष्य होता है।**

**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1885- पहली बार उल्कापिंड की तस्वीर ली गयी।
- 1932- महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दस हजार रन बनाये।
- 1948- नेशनल कैडेट कोर की स्थापना।
- 1967 - लिस्बन में बादल फटने से करीब 450 लोग मरे।
- 1984 - इराक एवं अमेरिका ने कूटनीतिक संबंधों को पुनः स्थापित किया।
- 1996 - मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यान 'मार्स ग्लोबल सर्वेयर' को अंतरिक्ष में भेजा।
- 1997 - पाक सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने मुख्य न्यायाधीश को निलम्बित किया।
- 1998 - तुर्की के प्रधानमंत्री मेसुत यिल्माज ने संसद में अपनी सरकार के विश्वासमत हासिल नहीं कर पाने के बाद इस्तीफ़ा दिया।
- 2001 - नेपाल में 200 माओवादी विद्रोही मारे गये; देश में आपातकाल लागू।
- 2002 - बीबीसी के सर्वेक्षण में विंस्टन चर्चिल महानतम ब्रिटिश नागरिक चुने गये।
- 2006 - इराक बम धमाके में 202 लोगों की जान गई।
- 2008 - मुंबई में आत्मघाती आतंकवादी हमला। आतंकवादियों ने ताज होटल में घुसकर अनेक अतिथियों को बंधक बना लिया। भारतीय सेना ने तीन दिनों की कार्रवाई के बाद मुक्त करा लिया।
- मुंबई में हुए आतंकवादी हमले में 164 लोग मरे, 250 से अधिक घायल।
- 2012 - सीरिया में हवाई हमले में दस बच्चों की मौत, 15 घायल।
- अरविंद केजरीवाल ने एक नये राजनैतिक दल आम आदमी पार्टी का गठन किया।
- 1952- मुनव्वर राणा- जाने-माने शायर। 2014 में उन्हें 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' मिला था का जन्म ।

## निशाना

### गर्म है बाजार !



-कृष्णेन्द्र राय

लेकर ताजपोशी को ।  
चर रही तैयारी ।।  
लग चुकी है मुहर ।  
बढ़ी बेकरारी ।।  
चला खूब मंथन ।  
हैं सब बेकरार ।।  
करना ऐसे पेश ।  
ना हो कुछ तकरार ।।  
हुई पूरी बैठकें ।  
कर देंगे अब पेश ।।  
जानेंगे सब जल्द ।  
कौन है विशेष ।।  
अटकलों का लेकिन ।  
गर्म है बाजार ।।  
ऐन वक्त पर देखते ।  
कौन पहनता हार ।।

# 'सहकार से समृद्धि' का भारतीय दर्शन विश्व हित में

■ अमित शाह

सहकारिता एक ऐसी व्यवस्था है, जो समाज में आर्थिक रूप से आकांक्षी लोगों को न सिर्फ समृद्ध बनाती है, बल्कि उन्हें अर्थव्यवस्था की व्यापक मुख्यधारा का हिस्सा भी बनाती है। सहकारिता बिना पूंजी या कम पूंजी वाले लोगों को समृद्ध बनाने का एक बहुत बड़ा साधन है। सहकारिता के माध्यम से भारत इन लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

देश में सहकारिता की एक विस्तृत परंपरा तो रही है, लेकिन आजादी से पहले सहकारिता जिस प्रकार आर्थिक आंदोलन का माध्यम बनी, उसे और भी अधिक ऊर्जा और शक्ति के साथ आगे बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में शुरू हुआ। वर्ष 2021 में केंद्र सरकार ने सहकारिता का स्वायत्त मंत्रालय स्थापित कर सहकारिता के लिए अवसरों के सारे बंद दरवाजे खोल दिए। महज तीन वर्षों में देश में सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए जितने कदम उठाये गये हैं, उससे भारत अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ सहकारी क्षेत्र में भी 'विश्वमित्र' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

अब भारत का सहकारिता आंदोलन एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। देश आज से 30 नवंबर तक दिल्ली में 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए)' महासभा और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी करने को तैयार है। आईसीए के 130 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका है, जब भारत इसका आयोजक होगा। इस सम्मेलन से संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का भी शुभारंभ होगा। आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी वैश्विक सहकारी आंदोलन में भारत के नेतृत्व की स्वीकार्यता का प्रतीक है।

केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद से निरंतर समाज के पिछड़े, अति पिछड़े, गरीब और विकास की दौड़ में पीछे छूट चुके लोगों के उत्थान की दिशा में कदम उठाये जा रहे हैं। सरकार मानती है कि यह परिवर्तन सहकारिता आंदोलन को मजबूत किये बिना नहीं हो सकता। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत ने सहकारी आंदोलन के पुनरुत्थान की दिशा में बड़े कदम उठाये हैं। कमजोर पड़ रही सहकारी संस्थाओं के



सशक्तीकरण से लेकर उनके व्यापार को सरल बनाना, समितियों में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए मजबूत प्रशासनिक, नीतिगत और कानूनी उपाय किये गए हैं।

प्रधानमंत्री ने 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र दिया है, जिसका उद्देश्य देश की सहकारी संस्थाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। देश में सहकारी तंत्र का विस्तार कर एक नया आर्थिक मॉडल खड़ा किया जा रहा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक साबित होगा। दुनिया के अन्य देशों के लिए यह एक विकास मॉडल के रूप में सामने आएगा।

भारत में प्राचीन काल से ही सहकारिता का एक समृद्ध इतिहास रहा है। इसके संकेत कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी मिलते हैं। दक्षिण भारत में भी 'निधियों' का प्रचलन सहकारी वित्तीय व्यवस्था की झलक प्रदान करता है। पाश्चात्य विचारों से प्रभावित कई अर्थशास्त्रियों ने 21वीं सदी की शुरुआत में ही यह चर्चा प्रारंभ कर दी थी कि सहकारिता का विचार आधुनिक युग में कालबाह्य हो गया है। यह स्पष्ट मानना है कि भारत जैसे 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में किसी 3 करोड़, 5 करोड़ या 10 करोड़ जनसंख्या वाले देशों का आर्थिक मॉडल उपयुक्त नहीं हो सकता। देश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए, आर्थिक विकास के सभी मानकों में वृद्धि के साथ-साथ यह आवश्यक है कि 140 करोड़ लोगों की समृद्धि हो, सभी व्यक्तियों को काम मिले और उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार भी प्राप्त हो, और यह केवल सहकारिता के माध्यम से ही संभव है। देश के इतिहास में इसके कई उदाहरण भी हैं। अहमदाबाद डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक ने पिछले 100 वर्ष में 100 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। बैंक न केवल अपने एनपीए को शून्य पर बनाये रखने में सफल रहा है बल्कि उसके पास 6,500 करोड़ रुपये से अधिक की जमाराशि भी है।

अमूल भी सहकारी आंदोलन का उल्लेखनीय उदाहरण है। वर्तमान में, इससे 35 लाख परिवार सम्मान और रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, और इन परिवारों की महिलाएं अग्रिम पंक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। परिणामस्वरूप, आज अमूल का वार्षिक कारोबार 80,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। दिलचस्प बात यह है कि इन महिलाओं में से किसी ने भी 100 रुपये से अधिक का प्रारंभिक निवेश नहीं किया था।

सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में सरकार ने 60 से अधिक पहलों पर काम शुरू किया है। दशकों की उपेक्षा और प्रशासनिक कुरीतियों के परिणामस्वरूप अधिकांश प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) आर्थिक रूप से कमजोर और निष्क्रिय हो गई थी। सरकार ने पैक्स के कार्यक्षेत्र में विस्तार के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने का काम शुरू किया। इनके लिए नए बाय-लॉ अपनाने से अब पैक्स डेयरी, मत्स्य पालन, अन्न भंडारण, जन औषधि केंद्र आदि जैसे 30 से अधिक विविध क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने में सक्षम हुए हैं। तीन नई राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्यीय सहकारी समितियों के गठन से सहकारिता का क्षितिज और व्यापक हुआ है।

राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड ने विदेशी बाजारों तक सहकारी उत्पादों की पहुंच को सुगम बनाया तो राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड ने जैविक प्रमाणीकरण और बाजार का मंच तैयार किया। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड ने उन्नत बीजों की सुलभता सुनिश्चित की है। वित्तीय सहायता, कर राहत और इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से सहकारी चीनी मिलें समृद्ध हो रही हैं। सहकारी बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने के लिए सहकारी संस्थाओं के पैसे को सहकारी बैंकों में ही जमा करने पर बल दिया गया है।

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के माध्यम से सहकारी समितियों को पारदर्शी बनाने और प्रक्रिया को आसान बनाने से देश के सहकारी रूप से कम विकसित क्षेत्रों में सहकारी समितियों की पहुंच बनी है। इसके अतिरिक्त सरकार एक समग्र और व्यापक नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति पर भी काम कर रही है।

आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन 2024 का मंच भारत के सहकारी आंदोलन द्वारा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने, आर्थिक सशक्तीकरण, लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति हेतु भारत के अभूतपूर्व प्रयासों को रेखांकित करेगा। सम्मेलन का एक मुख्य एजेंडा एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण है, जो सहकारी समितियों को उभरती चुनौतियों का सामना करने और अवसरों के उपयोग के लिए सशक्त बनाए।

आज जब हम इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी करने जा रहे हैं, दुनिया भर के सहकारी नेताओं, नीति निर्माताओं और मानव विकास के पक्षधरों का आह्वान है कि आइए ! हम वैश्विक सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए - सीखने, साझा करने और सहकार की भावना के साथ एकजुट हों। 'सहकार से समृद्धि' के प्रति भारत की प्रतिबद्धता सामूहिक समृद्धि, सातत्यता और साझा प्रगति जैसे मूल्यों पर आधारित उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है।

**(साभार : लेखक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं।)**

# संविधान दिवस : आखिर क्यों दुनिया में सबसे खास है भारत का संविधान

■ जयसिंह रावत

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की शासन व्यवस्था को चलाने वाला संविधान अपने आकार और प्रकार में भी सबसे खास और विशाल है। यह लचीला भी है तो कठोर भी है। लचीलेपन का उदाहरण 1950 से लेकर अब तक इसमें 106 संशोधन होना है। जबकि इसकी कठोरता का उदाहरण यह कि इसमें समय के साथ संशोधन तो किए जा सकते हैं मगर इसकी सार्वभौम, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी गणतंत्र की मूल भावना नहीं बदली जा सकती।अब तक की सबसे बड़ी सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ 1973 में केशवानन्द भारती बनाम केरल सरकार के फैसले में स्पष्ट कर चुकी है कि भारत की संसद को संविधान संशोधन के व्यापक अधिकार तो हैं मगर असीमित नहीं हैं और वह भी संविधान की मूल भावना को नहीं बदल सकती। मतलब यह कि संसद सर्वोच्च कानून निर्मात्री होने के बावजूद संविधान के तहत ही है।हमारे संविधान में विविधता और धर्मनिरपेक्षता का सम्मान किया गया है। मौलिक अधिकार, नीति निर्देशक सिद्धांत और सामाजिक न्याय के प्रावधान इसे अद्वितीय बनाते हैं। यह विभिन्न संविधानों से प्रेरणा लेकर भारत की आवश्यकताओं के अनुसार ढाला गया है। अपनी संशोधन क्षमता और सार्वभौमिक मताधिकार की दृष्टि से यह लोकतंत्र की मिसाल है

भारतीय संविधान को अपनी व्यापकता, समावेशिता और ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के कारण विश्व में विशेष और अनोखा माना जाता है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। प्रारंभ में इसमें 395 अनुच्छेद थे (अब 470 से अधिक), जिन्हें 25 भागों और 12 अनुसूचियों में विभाजित किया गया। यह शासन, नागरिक अधिकार, नीति निर्देशक सिद्धांत, संघीय ढांचे और प्रक्रियाओं को विस्तार से परिभाषित करता है, जिससे इसकी स्पष्टता और व्यापकता सुनिश्चित होती है।हमारा संविधान जितना कठोर उतना ही लचीला भी। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 368 संविधान में संशोधन की प्रक्रिया को परिभाषित करता है। यह अनुच्छेद संसद को संविधान के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन करने का अधिकार देता है, लेकिन कुछ शर्तों के साथ। इसका उद्देश्य संविधान को समय और परिस्थितियों के अनुसार लचीला और प्रासंगिक बनाए रखना है।

पिछले 74 सालों में इसमें 106 संशोधन हो चुके हैं। जो समय के साथ बदले परिवेश में शासन की आवश्यकतानुसार ढल सकता है। लचीलापन इसे समय के साथ बदलती परिस्थितियों के अनुसार अनुकूल बनाता है। इसमें कुछ प्रावधान साधारण बहुमत से भी बदले जा सकते हैं तो कुछ काफी कठिन प्रक्रिया से गुजरते हैं। यह कठोरता इसे स्थिर और मजबूत बनाती है।

संविधान में संघीय ढांचे में राज्यों और केंद्र के बीच संतुलन बनाए रखा गया है। संविधान ने मौलिक अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए अदालती समीक्षा की व्यवस्था दी है। इसमें आपातकालीन परिस्थितियों में केंद्र को अधिक शक्ति दी गई है। यह कठोरता और लचीलापन लोकतंत्र की रक्षा करता है। इस दृष्टिकोण से संविधान भारत की विविधता और बदलते समाज के लिए आदर्श बनता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत की शासन व्यवस्था को विश्व में सर्वोत्तम बनाने के लिये विश्व की प्रमुख शासन व्यवस्थाओं को संचालित करने वाले बेहतर संविधानों के अच्छे-अच्छे गुण निकाल कर इसमें समाहित किये हें। जैसे संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से ली गई है तो मजबूत केंद्र के साथ संघीय ढांचा कनाडा से लिया गया है। मौलिक अधिकारों की सोच अमेरिका के बिल ऑफ राइट्स से तो नीति निर्देशक सिद्धांत आयरलैंड से लिए गए हैं। इन प्रभावों के बावजूद, इसे भारतीय सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के अनुसार ढाला गया।



भारत विश्व का सबसे विविधतापूर्ण देश है, जिसमें भाषाई, सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक विविधता को समेटा गया है। भारतीय संविधान ने इस विविधता को संरक्षित करने और हर नागरिक को समानता का अधिकार देने के लिए कई प्रावधान किए हैं। संविधान के अनुसार, भारत में 22 मान्यता प्राप्त भाषाओं को 8वीं अनुसूची में स्थान दिया गया है। विभिन्न राज्यों को उनकी भाषाई और सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने का अधिकार दिया गया है। यह संघीय ढांचा सुनिश्चित करता है कि राज्यों को अपनी विशिष्टता का सम्मान करने की स्वतंत्रता मिले।संविधान ने भारत को एक ''धर्मनिरपेक्ष'' राज्य घोषित किया है।

संविधान में हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है (अनुच्छेद 25-28)। धर्म के आधार पर भेदभाव निषिद्ध है, और यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता हो।अल्पसंख्यकों के शैक्षिक और सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा के लिए अनुच्छेद 29 और 30 का प्रावधान किया गया है। सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18) दिया गया है। जाति, धर्म, लिंग, भाषा या जन्मस्थान के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव की सख्त मनाही है। संविधान यह सुनिश्चित करता है कि राज्य और धर्म अलग-अलग रहें। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार नागरिकों के स्वतंत्रता, समानता और गरिमा की गारंटी प्रदान करते हैं। ये अधिकार संविधान के भाग 3 में अनुच्छेद 12 से 35 तक विस्तृत हैं और लोकतंत्र का मूल आधार हैं। इनमें समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18) जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव को समाप्त करता है। स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22) नागरिकों को अभिव्यक्ति, आंदोलन, पेशा चुनने और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण देता है। शोषण के खिलाफ अधिकार (अनुच्छेद 23-24) बंधुआ मजदूरी और बाल श्रम को प्रतिबंधित करता है।

धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28) सभी को अपने धर्म का पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। संस्कृति और शिक्षा के अधिकार (अनुच्छेद 29-30) अल्पसंख्यकों को अपनी सांस्कृतिक पहचान और शैक्षिक संस्थान स्थापित करने का अधिकार देते हैं। साथ ही संवैधानिक उपचार का अधिकार (अनुच्छेद 32) नागरिकों को उनके अधिकारों के हनन पर न्यायालय से सीधे अपील करने की अनुमति देता है। राज्य के नीति निदेशक तत्व संविधान के भाग-4 (अनुच्छेद 36-51) में दिए गए हैं। ये तत्व राज्य को नीति निर्धारण और शासन संचालन में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। हालांकि ये न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं, लेकिन ये देश को सामाजिक और आर्थिक न्याय, समानता, और कल्याणकारी राज्य की दिशा में अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण, श्रमिकों के अधिकार, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, और आर्थिक समानता जैसे प्रावधान शामिल हैं। इनके अंतर्गत गांधीवादी विचारधारा (स्वराज, ग्राम विकास) और सामाजिक-आर्थिक प्रावधान (मजदूरों की सुरक्षा, समान वेतन) दोनों को शामिल किया गया है। ये तत्व सरकार को यह निर्देश देते हैं कि वे ऐसी नीतियां बनाएँ जो गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, और सामाजिक न्याय को बढ़ावा दें, ताकि भारत एक समतावादी और कल्याणकारी राष्ट्र बने।

संविधान भारत का संघीय ढांचा मजबूत केंद्र के साथ राज्यों को स्वायत्तता प्रदान करता है। आपातकालीन परिस्थितियों में यह संघीय प्रणाली इकाईवादी बन जाती है, जो शासन में लचीलापन दिखाती है। हमारा संविधान न्यायपालिका को कानूनों की समीक्षा और उन्हें संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप बनाए रखने का अधिकार देता है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र और कानून के शासन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। यह एक जीवंत दस्तावेज है। यह आवश्यकता पड़ने पर संवैधानिक उपचारों का अधिकार संसद को देता है। अनुच्छेद 32 को डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने संविधान का ''हृदय और आत्मा'' कहा। यह नागरिकों को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए सीधे सर्वोच्च न्यायालय में जाने का अधिकार देता है।

**(साभार : ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

# कांग्रेस सेवा दल ने इटारसी अस्पताल में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सौंपे ज्ञापन

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के द्वारा इटारसी के सरकारी अस्पताल में सुविधा मुहैया कराने के लिए इटारसी तहसील पहुंचकर प्रशासन के नाम पांच ज्ञापन सौंपे गए। जिसमें इटारसी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर एम डी मेडिसिन, कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक सर्जन सहित स्पेशलिस्ट स्टाफ वेंटीलेटर के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज की भी मांग की। इटारसी तहसील

**कांग्रेस सेवा दल युवा ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी के नेतृत्व में एकत्र हुए कांग्रेसी**

कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस और नगर कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी अध्यक्ष सहित सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित हुए एवं भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता यंग ब्रिगेड के कार्यकर्ता



तहसील कार्यालय में एकत्रित होकर मेडिकल कॉलेज की मांग करने लगे और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए लगातार मांग करते चले आ रहे हैं। ज्ञात हो कि इन मांगों के लिये पहले कई सालों से ज्ञापन धरना प्रदर्शन, हनुमान चालीसा के पाठ भूख हड़ताल हस्ताक्षर अभियान सहित हर संभव प्रयास किए गए। यहां तक कि प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी की जान पर बन गई, जिसके नतीजतन सप्ताह में 3 दिन के लिए एमडी डॉक्टर प्राप्त हुए। लेकिन अब उनकी मांग है कि स्थायी रूप से डॉक्टरों की नियुक्त और मेडिकल कालेज भी इटारसी में मिलना चाहिए।जिसके लिए कांग्रेस के सभी पदाधिकारी मांग करने लगे। इस मौके पर जिला कांग्रेस सहित प्रदेश कांग्रेस नगर कांग्रेस और प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष सहित जिलाध्यक्ष नगर अध्यक्ष महिला सेवादल जिलाध्यक्ष यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष साथ सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष, सेवादल यंग ब्रिग्रेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, मोहन झालिया, राजकुमार केलु उपाध्याय, संतोष गुरयानी, नेहा चावरे, शुभम वालिया , प्रशांत श्रीवास्तव, अजय शुक्ला, अजय मिश्रा, रमेश बामने, नरेश चौहान, पंकज राठौर, पार्षद नारायन ठाकुर, नरेश चौहान, सीमा भदौरिया, अंजलि कलोसिया, अनिल रैकवार, अनिल सोनकिया, लच्छू राजवंशी, प्रवीण गाँधी, कन्हैयालाल बामने, राहुल दुबे, देवी मालवीय, विजय कावरे, राजेंद्र गोस्वामी, करण भदोरिया, नवल पटेल, प्रवीण गांधी, मुकेश गांधी, अनूप गांचले, सचिन चौरसिया, यूनुस पठान, भोला कालोसिया, राकेश चंदेले, विपिन वालिया, गोरा बाथम, भल्ला खान सहित सैकड़ों की संख्या में यंग ब्रिगेड के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का समारोह आज से प्रारंभ



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

ग्राम डोंगरवाड़ा में भगवान जगन्नाथ जी का प्राण प्रतिष्ठा मंगलवार से प्रारंभ होगा। आयोजन के मार्गदर्शक भगवान जगन्नाथ के अनन्य साधक पद्मश्री बलिया बाबा का नगरागमन मंगलवार को होगा। बलिया बाबा चक्कर रोड, कालिका नगर, मीनाक्षी चौक, भोपाल चौराहा होते हुए डोंगरवाड़ा पहुंचेंगे। आयोजन के आचार्य ओडिशा से आ चुके हैं। मंदिर में आयोजन की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। मंदिर के अर्चक बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि मंगलवार दोपहर यज्ञशाला में ज्वारे रोपण के साथ समारोह का शुभारंभ होगा। इसके बाद डा. आशुतोष शर्मा का मंदिर के ठाकुर राजा के रूप में अभिषेक होगा। यह कार्यक्रम समेरिटंस विद्यालय परिसर में होगा। इसके लिए आचार्य समूह डोंगरवाड़ा आश्रम से अभिषेक की समस्त सामग्री के साथ शाम करीब 4 बजे चक्कर रोड स्थित विद्यालय पहुंचेंगे और मंत्रोच्चार के साथ राज्याभिषेक की विधि संपन्न करेंगे।

प्रथम दिवस मंगलवार को रात्रि आठ बजे से रामसत्ता का आयोजन होगा। जिसमें भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। जगन्नाथ का भव्य मंदिर आकर्षक रोशनी से जगमगा उठा है। आयोजकों ने बताया कि मंदिर की साज सज्जा के लिए आधुनिक लाइटें बाहर से बुलाई गई हैं। यह काम भी पूरा कर लिया गया है।

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा-राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो

# खाद की कालाबाजारी, मुनाफाखोरी करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

धान खरीदी में किसानों को कोई असुविधा ना हो। केंद्रों पर बारदाना सहित अन्य लॉजिस्टिक्स की पर्याप्त उपलब्धता सुनिचित करें। किसानों सहित हम्माल, तुलावटी आदि को समय पर भुगतान किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने सभी एसडीएम एवं उपार्जन समिती सदस्य अधिकरियों को दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि आगामी एक सप्ताह में समस्त उपार्जन केन्द्रों पर तौलकाटा, हम्माल, पेयजल, डांव आदि जैसी सभी मूलभूत व्यवस्थाएँ उपलब्ध करवाई जाना सुनिश्चित करें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने धान उपार्जन कार्य की समीक्षा कर सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में खरीदी केंद्रों का निरंतर निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद वितरण कार्य की भी समीक्षा कर बिना किसी परेशानी के किसानों को खाद का वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा है कि रैक पॉइन्ट से कैश सेल काउन्टर एवं समितीयों तक खाद का परिवहन किया जाकर वितरण सुचारु रखा जाए। साथ ही खाद की कालाबाजारी, अमानक खाद, अधिक दामों पर खाद विक्रय करने वाले व्यापारियों तथा विचौलियों पर भी कठोर कार्यवाही की जाए। सभी तहसीलदार प्रतिदिन अपनी तहसील अंतर्गत खाद की उपलब्धता की समीक्षा करें तथा अनुपलब्धता होने पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। डबल लॉक केन्द्र, पीओएस तया कैश सेल पोइन्टों का भी सतत निरीक्षण करते रहे। कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समयसीमा एवं जनसुनवाई के प्रकरणों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में कोताही ना बरतें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाना सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर



ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की पूर्व प्रगति की निरंतरता को बरकरार रखते हुए ग्रेडिंग में सुधार करें। इसी के साथ सीपीग्राम से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की वस्तुस्थिति स्पष्ट कर उनका संतुष्टि पूर्वक निराकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें। समस्त राजस्व अधिकारी राजस्व महाअभियान के साथ-साथ जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के सीएम हेल्पलाइन पर खराब प्रदर्शन पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि शिकायों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें तथा समय सीमा बाहर के प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान दें।

कलेक्टर सुश्री मीना ने मतदाता सूची के विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम की भी समीक्षा कर त्रुटिरहित शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में नामो का सत्यापन करें तथा पार्थो के नाम जोड़े जाए। कोई भी पात्र मतदाता का नाम सूची में जुड़ने से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान रहे। कलेक्टर ने राजस्व महा अभियान 3.0 की समीक्षा कर सभी राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि तहसीलदार/नायब तहसीलदार अविवादित नामांतरण के किसी भी प्रकार के प्रकरण को लंबित न रखें। इसके साथ ही, नामांतरण, नामांकन, सीमांकन, नक्शा तरमीम आदि राजस्व से संबंधित सभी प्रकरणों का समय पर निपटारा किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी प्रत्येक सप्ताह राजस्व मामलों को प्राथमिकता से लाइन अप करें और उनका निस्तारण शीघ्रता से करें। आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज मामलों को विशेष प्राथमिकता दी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकारी/रीडर लॉगिन पर कोई भी मामला लंवित न रहे। राजस्व अधिकारियों को फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाने और नक्शा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण निरंतरता से करने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने कार्यों के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें समयसीमा के भीतर पूरा करें। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक तहसील में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजनांतर्गत ई-केवाईसी का कार्य शीघ्रता से संपन्न कराएं और सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित करें।

# जिला अस्पताल की लापरवाही को लेकर साहू समाज ने दिया ज्ञापन

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

शासकीय जिला अस्पताल में पूजा पति संतोष साहू निवासी बासनिया तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम को जिला अस्पताल नर्मदापुरम में इलाज के दौरान मौत हो गई. साहू समाज में अस्पताल पर आरोप लगाया कि गलत इलाज के दौरान पूजा साहू कोगलत इंजेक्शन लगाया गया। जिसके कारण पूजा की 10 मिनट पश्चात दर्दनाक मौत हो गई। इस घोर लापरवाही में जिला अस्पताल के जिम्मेदार ड्यूटी के दौरान लापरवाही करने वाले डॉक्टर नर्स वह स्टाफ को तुरंत सेवा से पृथक कर उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने पुलिस को ज्ञापन दिया है.ज्ञापन पत्र में उल्लेख किया



कि नगर साहू समाज नर्मदापुरम एवं समस्त साहू समाज मप्र उक्त घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता है और साहू समाज स्व. बेटी को न्याय मिले और दोषियों के खिलाफ समय सीमा में सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा संपूर्ण मप्र के सामाजिक बंधुओं के द्वारा बिटिया को न्याय के लिए धरना आंदोलन जैसे कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर साहू समाज अध्यक्ष रमेश साहू , नगर सचिव अशोक कुमार , नगर सह सचिव कैलाश साहू एवं डॉ. शिवकुमार साहू , संभागीय अध्यक्ष अनिल साहू , समाजसेवी मुकेश साहू , नितेश साहू , हिमांशु साहू , आनंद साहू , रघुवीर साहू , नगर कोषाध्यक्ष तुलसी राम साहू, दीपेश साहू आदि उपस्थित रहे।

## कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के चलते लाइन परिचारक निलंबित

**नर्मदापुरम ।** कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के चलते एक लाइन परिचारक को निलंबित कर दिया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी नर्मदापुरम के उप महाप्रबंधक अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि वरिष्ठ लाइन परिचारक हरि गिरी गोस्वामी नर्मदापुरम ग्रामीण वितरण केन्द्र में पदस्थ हैं। चैकिंग के दौरान इनके कार्यक्षेत्र ग्राम अंधियारी में 3 विद्युत कनेक्शन अवैध रूप से चलते पाए गए। जबकि पूर्व सीजन में भी यहां पर वैध कनेक्शन नहीं हुए थे। वैध कनेक्शन नहीं होने से कंपनी को राजस्व की हानि हुई है। हरि गिरी गोस्वामी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में लापरवाही बरती है, इसलिए आरोपों के चलते उनपर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए विभागीय जांच संस्थापित कर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान हरि गिरी गोस्वामी को पिपरिया संभाग अंतर्गत बनखेडी वितरण केन्द्र में संबद्ध किया गया है।

# जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ पर खंड स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य पर जिला प्रशिक्षण केंद्र में आरबीएसके चिकित्सकों, बीईई, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ, एएनएम, आशा पर्यवेक्षक एवं आशा कार्यकर्ताओं को जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य के बारे में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा महत्व समझाया गया। समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य पर जोर देने हेतु सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार के मार्गदर्शन में 19 नवम्बर से 25 नवंबर तक आयोजित प्रतिदिन अलग अलग बेच के माध्यम से जलवायु परिवर्तन प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव एवं इससे कैसे बचा जा सकता है का प्रचार प्रसार करने के बारे में डीआईओ डॉ आर के वर्मा, डॉ सुनीता नागेश जिला एपिडिमीयोलॉजिस्ट आर एस चौहान, प्रोफेसर डॉ रवि उपाध्याय, एमडी मेडिसिन डॉ अंश चुग, डॉ शिवेंद्र चंदेल, एमडी



एमसीएच डॉ सृजन सेंगर द्वारा जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पराली ना जलाने, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान ना करने, वाहनों की प्रदूषण जांच करवाने, गंदगी ना फेलाने जैसे विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया। सीएमएचओ ने प्रशिक्षण समाप्ति पर ब्लॉक में जलवायु परिवर्तन से संबंधित जन जागरूकता हेतु ब्लॉक टास्क कमेटी के माध्यम से गतिविधि करने के लिए प्रबंधकीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

**मेट्रो एंकर** अनिल परते स्मृति जिला स्तरीय अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा शुरू, नर्मदापुरम और हरदा की टीम के बीच हुआ उद्घाटन मैच

# हरदा ने नर्मदापुरम को हराकर जीत से की प्रतियोगिता की शुरुआत

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

संभाग क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीय अनिल परते स्मृति अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर 18 का उद्घाटन मुख्य अतिथि कपिल फ़ौजदार एवं सुब्बू नागासुब्रमण्यम अय्यर ( अमेरिकन क्रिकेट प्रीमियर लीग, शिकागो ) द्वारा किया गया। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला मैच नर्मदापुरम जिला एवं हरदा जिला के मध्य प्रारंभ हुआ। जिसमें नर्मदापुरम टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और प्रथम पारी में पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 104 रनों पर ऑल आउट हुई। हरदा टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए लव दुबे ने 28 प्रियव्रत पटेल ने सर्वाधिक 25 रन का योगदान दिया । हरदा की ओर से गेंदबाजी करते हुए वंश जाट ने सर्वाधिक 4 विकेट, अक्षत सोलंकी , ध्रुव चौरे,अनुपम गीते ने 2- 2 विकेट लिए । इसके पश्चात हरदा टीम ने प्रथम पारी में बल्लेबाजी करते हुए आज के दिन के खेल के समाप्त होने तक 5 विकेट खोकर 112 रन बना लिए थे। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ राठौर 14 रन बनाकर नॉट आउट खेल रहे हैं । नर्मदापुरम की ओर से युवराज पटेल, जयजीत गुप्ता, ने 1- 1 विकेट लिए। उद्घाटन के अवसर पर राजेश चौरे, योगेश परसाई, कुलभूषण मिश्रा, मनोहर बिलथरिया, दिलीप नामदेव, संजय यदुवंशी, अनंत तिवारी, सुनील शर्मा, सुमित परदेशी, अर्पण दुबे, श्रीमति वर्षा पटेल, शैलेंद्र सिंह



पवार, आकाश चौरे आदि उपस्थित थे। मैच में अंपायर की भूमिका सुनील कालौशिया तथा विष्णु बोरासी ने निभाई, स्कोरर गजेन्द्र सलोकी थे ।

**हरदा ने नर्मदापुरम टीम को हराया** – नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला मैच के दूसरे दिन के खेल में हरदा टीम ने प्रथम पारी में 166 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए वंश राज जाट ने सर्वाधिक 37 रन तथा ध्रुव चौर ने 24 रन का योगदान दिया। नर्मदापुरम की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रियव्रत पटेल ने सर्वाधिक 5 विकेट लिए तथा जयजीत गुप्ता ने 4 विकेट का योगदान दिया। इस तरह हरदा ने 62 रन की बढ़त प्राप्त की। इसके पश्चात नर्मदापुरम टीम ने अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए 187 रनों पर ऑल आउट हुई। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद मियांजी ने सर्वाधिक 58 रन , देव तोमर ने 40 रन का योगदान दिया । हरदा टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए वंश जाट तथा ध्रुव चौरे ने 3- 3 विकेट लिए तथा अक्षत सोलंकी एवं अनुपम गीते ने 2- 2 विकेट प्राप्त किया। इस तरह नर्मदापुरम टीम ने हरदा को 125 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें हरदा ने बल्लेबाजी करते हुए मैच के समाप्त होने तक 1 विकेट खोकर 40 रन बनाए। इस तरह हरदा ने यह मैच पहली पारी की 62 रनों बढ़त के आधार पर नर्मदापुरम को पराजित किया।मैच में अंपायर की भूमिका सुनील कालौशिया तथा विष्णु बोरासी ने निभाई, स्कोरर गजेन्द्र सलोकी थे। प्रतियोगिता का दूसरा मैच बैतूल एवं हरदा के मध्य खेला जाएगा।

## सेंट्रल बैंक की टीम ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में संभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ डीएस पी ट्रैफिक संतोष मिश्रा, बैतूल एनआरएलएम हेड



सतीश पवार, एनडीसीए के उपाध्यक्ष राजेश चौरे, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख रजत मिश्रा ने किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट में नर्मदापुरम जिला प्रशासन, बैतूल जिला प्रशासन तथा सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के बीच आठ-आठ ओवर के मैच खेले गए। पहला मैच बैतूल जिला प्रशासन और सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के बीच शुरू हुआ। बैतूल टीम ने विजय की ओर बढ़त बनाकर फाइनल में अपना स्थान बनाया। इसके बाद दूसरा मैच नर्मदापुरम जिला प्रशासन और सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की टीम के मध्य हुआ। इसमें सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की टीम ने फाइनल में पहुंचकर अपनी जगह बनाई। इसके पश्चात फाइनल मुकाबला बैतूल जिला प्रशासन और सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की टीम के बीच हुआ। जिसमें सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रन का लक्ष्य बैतूल जिला प्रशासन की टीम के के सामने रखा। जिसे बैतूल टीम पूरा नहीं कर पाई। अंततः सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया ने फाइनल मैच में बैतूल टीम को पराजित कर जीत हासिल की और क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

# शासकीय कन्या शाला की छात्राओं ने हेरिटेज वॉक कर ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जाना नवाचार, स्वच्छता देखकर विधायक ने स्कूल स्टाफ को किया धन्यवाद

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रावजी की हवेली में सोमवार को हेरिटेज वॉक का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान छात्राओं के बीच पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा ने ऐतिहासिक रावजी की हवेली एवं शाहजहां के जमाने का कोर्ट गेट,हजार वर्ष प्राचीन श्री गिरधारी जी का मंदिर का भ्रमण कराया तथा ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में छात्राओं को जानकारी प्रदान की।

शासकीय उत्कृष्ट कन्या विद्यालय के प्रबंधन द्वारा स्कूल में किए गए व्यापक परिवर्तन से प्रभावित होकर पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा ने मौजूद छात्राओं बातचीत करते हुए सवाल जबाव भी किए जिनका जवाब छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ दिया। विधायक द्वारा पूछे गए सवालों का सही उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरुस्कृत भी किया एवं सेवा कार्य में रहने वाली रानी अहिल्याबाई स्काउट एवं हीराबेन रेडक्रॉस की छात्राओं का केसरिया पटका उड़ाकर अभिनंदन भी किया ।






इस दौरान उन्होंने छात्राओं को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराते हुए वृक्षों के महत्व से भी रुबरू कराया और संबंधित प्रश्न भी पूछे। रावजी की हवेली जिसमें वर्तमान में शासकीय कन्या शाला उत्तर माध्यमिक विद्यालय लगाया जाता है उसके इतिहास के बारे मे बताते हुए विधायक ने कन्याओं को शिक्षा से जुड़ी जानकारी भी प्रदान करते हुए कहा कि स्कूल हमारा शिक्षा का मंदिर है मंदिर को स्वच्छ रखना एवं गुरुजनों से श्रेष्ठ शिक्षा लेकर ही जीवन का निर्माण होता है।

रावजी की हवेली में स्कूल की स्थापना लगभग सन 1962 में हुई। जब हम यहां पढ़ते हैं उसे रावजी की हवेली के नाम से जाना जाता है और इसका निर्माण लगभग 1656 के आसपास हुआ। विद्यालय में शिक्षा स्तर स्वच्छता स्तर और शिक्षक शिक्षकों ने छात्राओं को अच्छे संस्कार व्यवहार व्यायाम सहित अन्य गतिविधि कन्या शाला में संचालित करने के लिए सभी का धन्यवाद दिया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मोहन यादव के नेतृत्व में नारी शक्ति हेतु सशक्त नारियों के सम्मान में अत्याचार नहीं सहेंगे और नारी सम्मान हेतु कई कदम उठा रही है। शिक्षा के साथ हम सबको सुखी रहना चाहिए और सबको खुशी देखना चाहिए द्यविद्यालय में नवाचार और स्वच्छता देखकर बहुत प्रसन्नित हुए विश्व धरोहर दिवस के रूप में हेरिटेज वॉक मैं राव जी की हवेली जिसका इतिहास असारे मालवा में दिखाई देता है रावजी की हवेली में चारबाग, घी के कुंड, हथिया द्वारा , शेरशाह सूरी भी रावजी की हवेली में ठहरे थे। जब रावजी की हवेली मुगलों के कब्जे में थी मुगलों से महाराजा छत्रसाल ने विजय प्राप्त कर अपने अधिग्रहण की और सिरोंज को होलकर को दे दिया।

### तुलसी एवं शमी का पौधा देकर विधायक का किया स्वागत

सन 1857 की क्रांति के बाद तात्या टोपे नवाब की सेना को हराकर चार तोप भी लेकर रवाना हुए थे ऐसे कई ऐतिहासिक किस्तों से सिरोंज रचा हुआ है हेरिटेज वॉक के दौरान शासकीय कन्या शाला से विधायक और छात्राएं कोर्ट गेट पहुंची यहां पर फारसी शब्दों में शिलान्यास भी मुख्य द्वार पर है और शाहजहां के जमाने में बिल्डिंग को बनाया यहां पर तहसीलदार एसडीम बैठा करते थे और कोर्ट भी लगता था जहां फैसला सुनाए जाते थे इन सबको देखकर छात्राओं के मन में हितिहास को जानने का उत्साह और लक दिखाई दे रही थी आखिर में बाजार होते हुए प्राचीन और ऐतिहासिक श्री गिरधारी जी के मंदिर पहुंचे जहां पर विधायक जी ने समस्त छात्राओं और स्कूल स्टाफ को भारतीय संस्कृति और सिरोंज के कुछ महत्वपूर्ण धरोहर तीर्थ स्थान और केथन नदी से जुड़े घाटों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्य मनोज शर्मा, शिवकुमार मिश्रा,एसडीओपी उमेश तिवारी, थाना प्रभारी संदीप पवार, बीएलओ कैलाश सोनी, ईश्वरीय शर्मा, बलजीत यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित रहें जिनका शाल श्री फल एवं फूल माला से स्कूल के प्राचार्य मनोज शर्मा द्वारा स्वागत किया गया वही शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने तुलसी एवं शमी का पौधा देकर विधायक का स्वागत किया।

## लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा

# आवेदनों का संतुष्टि से समाधान हो

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान सभी विभागो के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार के आवेदन हो उनका निराकरण संतुष्टि से हो खासकर सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम के मामलो में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए ओर संतुष्टि का प्रतिशत चरम शिखर पर हो।




कलेक्टेªट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा, श्रीमती शशि मिश्रा, सुश्री निकिता तिवारी, एसडीएम क्षितिज शर्मा के अलावा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें वहीं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के तहत ग्रेडिंग माह नवम्बर की शिकायतो के निराकरण मामलो में पूर्वानुसार गति बनाए रखेंगे। जिले में संतुष्टि प्रतिशत में बढोतरी हो इसके लिए स्थानीय स्तरों पर नवाचार करें। उन्होंने कहा कि हर एक विभाग सीएम हेल्पलाइन मामलो में एक ग्रेड सूची में शामिल रहें और प्रदेश स्तरीय जारी विभागीय रैकिंग सूची में टॉप फाइव में शामिल रहें। उन्होंने पहली बार सहकारिता और जल संसाधन विभाग ए ग्रेड सूची में शामिल होने पर दोनो विभागो के अधिकारियों को और तीव्र गति से आवेदनो का निराकरण करने हेतु ताकिद किया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में खाद, बीज की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है जिले में कहीं भी कालबाजारी, नकली खाद का विक्रय ना हो पर सतत नजर रखें। निजी विक्रेताओं के यहां कौन-कौन से खाद कितनी मात्रा में नगद विक्रय हेतु उपलब्ध कराए गए है की समुचित जानकारियां मीडिया में स्थानीय एसडीएम अनिवार्य रूप से सांझा करें। उन्होंने जिले में सोयाबीन उपार्जन कार्यो की भी जानकारियां प्राप्त करते हुए किसानो को भुगतान के लिए किए गए प्रबंधो से अवगत हुएहै। उन्होंने कहा कि समिति स्तर पर डिजीटल साइन हेतु एक भी दिन लंबित ना रहे। समिति बैंक को भेजने का कार्य अविलम्ब करें। यदि किसानो के भुगतान में विलम्बता होती है तो मार्कफेड के डीएमओ और कॉ-आपरेटिव बैंक के सीईओ जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि क्रियान्वित व्यवस्था की लाइन डिपार्टमेंट सहित संबंधित क्षेत्रो के एसडीएम सतत मानिटरिंग रखें।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के बांधो से सिंचाई हेतु जल छोडे जाने के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दूरस्थ टेल क्षेत्रों में अभी भी नहरो के माध्यम से पानी पहुंचा नहीं है कि जानकारियां अखबारो में प्रकाशित हो रही है। उन्होंने जल संसाधन विभाग बासौदा अनुविभाग क्षेत्र की कार्यपालन यंत्री सुश्री प्रियंका भण्डारी को निर्देशित किया है कि क्षेत्रो का सतत भ्रमण करें और नहरो से पानी सिंचाई के लिए किसानो को शीघ्रतिशीघ्र प्राप्त हो खासकर टेल क्षेत्रों में। कार्यपालन यंत्री सुश्री भण्डारी ने बताया कि संजय और सगड बांध की नहरो में सीमेंट कांक्रीट से जल प्रवाह को रोकने और नहरो में पंप लगाकर पानी खींचने के कार्यो पर सतत निगरानी रखी जा रही है। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल के साथ संबंधितों पर कार्यवाही करते हुए पंपो व स्टार्टर जप्त करने की कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर ने आज लंबित आवेदनो की समीक्षा में कहा कि जिले को कोई भी नागरिक फर्जी, अवैध कालोनाइजर की कालोनियों से बचनें और किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पडें को ध्यानगत रखते हुए जिले में अवैध कालोनियों का जिला व निकाय प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से चिन्हांकन कार्य पूरा किया गया है। संबंधितों के खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज करवाए जा रहे है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम व नगरीय निकायो के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि दल-बल के साथ चिन्हित इन कालोनियों में पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र संपादित करें।

### शोकॉज नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने टीएल बैठक में अनुपस्थित सौंपे गए दायित्वों का समय सीमा में निर्वहन नहीं करने व क्षेत्रो का भ्रमण नहीं करने पर ऐसे अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा को दिए है। उनमें नापतौल निरीक्षक निधि श्रीवास्तव का आज का वेतन रोकने, आईटीआई प्रिसिंपल को अनुपस्थित रहने पर शोकाज नोटिस, शिक्षा विभाग के एपीसी चौहान को पीएमश्री स्कूलो की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर तथा जिला मलेरिया अधिकारी टीकाराम शर्मा को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार अक्टूबर माह में सीएम हेल्पलाइन के आवेदनो का निराकरण मामलो में निम्न स्तर का प्रदर्शन करने वाले ओबीसी, स्कूल शिक्षा, फूड, आदिम जाति कल्याण, वन और ईई पीपीडब्ल्यूडी को पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए है।

### विधानसभा प्रश्न

कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा संबंधी प्रश्नो का जबाव टू दी पाइंट हो जो जानकारी चाही जा रही है वहीं समाहित करें। अनावश्यक रूप से जबाव को बडा स्वरूप ना दें। जिस फार्मेट में जानकारी चाही जा रही है उसी में ही जबाव दें। अलग से कोई प्रपत्र संलग्न ना करें। विधानसभा प्रश्नो का समय सीमा में जबाव पहुंचाना सबसे अति महत्वपूर्ण है। अतः समय सीमा का पूरा ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारियों का यह नैतिक दायित्व है कि कार्यालय में इसके लिए पृथक से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि जबाव दाखिला व सम्प्रेषण जैसे कार्य प्रभावित ना हो।

### रैन बसेरा

कलेक्टर श्री सिंह ने रैन बसेरा संचालित क्षेत्रो में आमजनो को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने रैन बसेरा प्रभारी अधिकारी, कर्मचारी का नाम, मोबाइल नम्बर, मोबाइल की जानकारियां अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए ताकि किन्ही कारणो से मौके पर प्रभारी ना मिलने पर उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर रैन बसेरा की सुविधाओं का लाभ आवश्यकता के अनुसार आमजन प्राप्त कर सकें।

### नशीली दवाओं पर नियंत्रण

कलेक्टर श्री सिंह ने ड्रग इंस्पेक्टर, आबकारी निरीक्षक सहित अन्य को निर्देशित किया है कि जिले में कही भी नशीली दवाओं का विक्रय ना हो पर सतत नजर रखने के लिए भ्रमण निरीक्षण के कार्य अधिक से अधिक करें। उन्होंने शहरी क्षेत्रो में संचालित हो रही मेडिकल स्टोरो में प्रतिबंधात्मक दवाईयां डाक्टर के प्रीकेप्शन के बिना विक्रय ना हो के पुख्ता प्रबंध क्रियान्वयन कराए। उन्होंने बिल में स्पष्ट रूप से अंकित हो कि प्रतिबंधात्मक दवा देने हेतु अधिकृत रूप से चिकित्सक व मरीज की जानकारी संकलित रखें।

कलेक्टर ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सीएम डेस्क बोर्ड से प्राप्त आवेदन, सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑन लाइन, जन आकांक्षा पोर्टल, भ्रमण के दौरान प्राप्त हुई शिकायते तथा टीएल में सम्मिलित आवेदनों के निराकरणो पर संबंधित विभागो के अधिकारियों द्वारा पिछले एक सप्ताह में क्या - क्या कार्यवाही की गई है कि गहन समीक्षा की है।

## दो मोटर साईकिल आपस में टकराई 4 घायल

**विदिशा।** विदिशा के थाना त्योंदा क्षेत्र के शीतला गाँव नागदा रोड पर दो मोटर साईकिल की टक्कर हो जाने से 04 व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 25-11-2024 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल त्योंदा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया । डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक हरिकेश एवं पायलट सोमत सिंह ने मौके पर पहुँचकर बताया कि दो मोटर साईकिल की टक्कर हो जाने से घायल हुए 04 व्यक्ति सुमित पिता प्रकाश कुशवाहा उम्र 18 वर्ष, गीता बाई पति टीकाराम कुशवाहा उम्र 38 वर्ष दोनों निवासी मोहम्मदगड़ एवं रविशंकर मीना पिता रमेश मीना उम्र 22 वर्ष , राजेन्द्र मीना पिता रमेश मीना उम्र 35 वर्ष दोनों निवासी निवासी वैदकचौड़ा को डायल-112/100 स्टाफ ने एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर त्योंदा अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन




**विदिशा।** प्रतिवर्ष संविधान दिवस 26 नवम्बर को मनाया जाता है आयोजन के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि भारत के संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस को सफलपूर्वक मनाए जाने के निर्देश जारी किए गए है जिनका विदिशा जिले में अक्षरशः क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संविधान दिवस अर्थात 26 नवम्बर को कलेक्टेªट कार्यालय में प्रातः 11बजे भारत का संविधान उद्धेशिका के वाचन से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। भारत सरकार ने संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर साल भर उत्सव के रूप में आयोजन करने को हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान अभियान की टैग लाइन के तहत चलने का निर्णय लिया है। निर्देशो के अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन हर स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में अधीनस्थ शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं, स्वशासी संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रमों आदि को भी कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किए गए है।

## सीएम हेल्पलाइन : विदिशा लगातार दो माह टॉप थ्री में शामिल




**विदिशा।** सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनो के निराकरण मामलो की विगत दो माह की जारी प्रदेश स्तरीय रैकिंग सूची में विदिशा टॉप थ्री में शामिल है। चीफ सेकेटरी श्री अनुराग जैन ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित मुख्यमंत्री समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत सीएम हेल्पलाइन में उच्च प्रदर्शन करने वाले जिले के प्रथम दो कलेक्टर विदिशा और सीहोर से सीएम हेल्पलाइन आवेदनो के निराकरण हेतु क्या रणनीति अपनाई जाती है को जाना है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने विदिशा जिले में सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का निराकरण शीघ्र हो इसके लिए क्रियान्वित व्यवस्था आधारित रणनीति को सांझा किया है।

# समर्थन मूल्य पर फसल बेचने वाले किसानों को भुगतान के लिए नहीं होने देंगे परेशान: एसडीएम

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय कृषि मंत्री के ग्रह जिले मैं समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के बाद भी किसान भुगतान के लिए हो रहा है परेशान शीर्षक के साथ सोमवार के अंक में किसानो के हित में हमारे संवाददाता ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी इसके बाद सोमवार को कलेक्टर ने टील में एसडीएम हर्षल चौधरी को समर्थन मूल्य पर फसल की तोले कर चुके सभी किसानों को तत्काल भुगतान करवाने के लिए निर्देशित किया गया उन्होंने कहा कि जिस स्तर पर भुगतान रुका हुआ है उसमें तत्काल सुधार करके जितने भी किसानों का भुगतान होना शेष रह गया है उसको सुनिश्चित करके सभी जरूरी कदम उठाए । एसडीएम ने कहा कि कितने किसानों की फसल तुलाई के बाद वेयरहाउस में रखी जा चुकी है उन सभी का लंबित नहीं रहने दिया जा रहा है किसी भी किसान को भुगतान के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। समर्थन मूल्य पर फसल तुलवाने के बाद भी किसानों के खातों में राशि नहीं आई है जिसकी खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी इसके बाद कलेक्टर के निर्देश एसडीएम भी किसानों को भुगतान करवाने में जुटे।


समर्थन मूल्य पर सोयाबीन बेचने के बाद, केंद्रीय कृषि मंत्री के जिले का हाल

भुगतान के लिए किसान लगा रहे हैं बैंकों और समितियां के चक्कर

खबर का असर




# मैक्स वर्रस्टाप्पन ने लगातार चौथी बार जीती वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप

**लास वेगास. एजेंसी**

रेडबुल के मैक्स वर्रस्टाप्पन ने लगातार चौथी बार फॉर्मूला वन ग्रांपी रेस में वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। वर्रस्टाप्पन ने लास वेगास ग्रांप्री में पांचवां स्थान हासिल करने के साथ ही यह उपलिब्ध हासिल की। इस रेस में मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। रेडबुल को जीत के लिए मैक्लॉरेन के लैंडो नॉरिस से आगे निकलने की जरूरत थी और नीदरलैंड्स के स्टार चालक ऐसा करने में सफल रहे। मर्सिडीज के लुईस हेमिल्टन ने 2022 के बाद पहली बार पोडियम फिनिश किया। उन्होंने 10वें स्थान से रेस शुरू की थी और अंत में दूसरा स्थान हासिल किया। कार्लोस सेंज ने तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। मैक्स वर्रस्टाप्पन आप चार बार के विश्व चैंपियन हैं। यह अभूतपूर्व उपलिब्ध है। आप खुद पर अविश्वसनीय रूप से गर्व कर सकते हैं।

**छठे ड्राइवर बने वर्रस्टाप्पन...** फॉर्मूला वन इतिहास में वर्रस्टाप्पन छठे ऐसे ड्राइवर बन गए हैं, जिन्होंने लगातार चार या उससे अधिक बार वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप जीती है। इस सूची में वर्रस्टाप्पन से आगे एलियन पार्स्ट, सबेस्टियन वेटेल, लुइस हेमिल्टन, माइकल शूमाकर और जुआन मेनुअल फांगियो हैं।

**इस साल सिर्फ 8 रेस जीत पाए:** 27 साल के वर्रस्टाप्पन ने पिछले साल 19 रेस जीतकर धमाल मचाया था। इस सीजन भी उन्होंने शानदार शुरुआत की थी। लेकिन जून के बाद वे उस लय को कायम नहीं रख पाए। उन्होंने अब तक आठ रेस जीती हैं, जो 2020 के बाद से उनकी एक सीजन में सबसे कम जीत है।

# अपने ही बुने जाल में उलझती दिग्गज टीमें

## घरेलू टीम के जाल की उलझन

यूं आईपीएल में भारतीय खिलाड़ियों की धमाकेदार बोलियों के साथ कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में टीम इंडिया ने सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को चार दिन के अंदर 295 रन से करारी शिकस्त देकर क्रिकेट की दुनिया में नया इतिहास रच दिया है। ऑस्ट्रेलिया टीम की पर्थ टेस्ट मैच में मिली शिकस्त के बाद ऐसा लगने लगा है कि घरेलू टीमों के हिसाब से बने जाल ही उसके लिए सबसे ब?ी उलझन बने जा रहे हैं।हाल ही की कुछ टेस्ट सीरीजों में यह बात साफ नजर आयी है।दरअसल घरेलू जमीनों के शेरों का इस तरह ढेर होना क्रिकेट के उनकी काबलियत और ताकत पर तमाम सवाल पैदा करता है।अगर हम हालिया दौर की पिछली कुछ अहम टेस्ट सीरेजों पर नजर डालें,तो फिर घरेलू मैदानों पर श्रीलंका से पीटने वाली बांग्लादेश ने पाकिस्तान को उसी की सरजमीं पर पटखनी दी,इसके पहले ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलन को उसी के मैदानों में पटखनी दी।ऐसा ही कुछ नजारा श्रीलंका से उसकी सरजमीं पर पिट कर आयी न्यूजीलैंड टीम के भारत दौरे में देखने को मिला,जब घरेलू मैदानों के सबसे दमदार भारतीय शेर कीवी टीम के सामने ढेर हो गये।लगभग यही सिलसिला ऑस्ट्रेलिया सीरीज के पहले टेस्ट में देखने को मिला।पिछले एक साल के दौरान मात्र श्रीलंका टीम ही एकमात्र ऐसी टीम रही है जिसने घरेलू मैदान पर एक भी मैच में शिकस्त नहीं झेली है।कई दिग्गजों की गैरमौजूदगी में पर्थ टेस्ट मैच जीतने वाली टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाए रखना होगा क्योंकि अभी चार और टेस्ट बाकी हैं।वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फायनल के टिकिट के मद्देनजर यह सीरीज दोनों टीमों के लिए अहम कही जा सकती है। टीम इंडिया को फाइनल में जगह बनाने के लिए अपने 3 जीत की दरकार डायरेक्ट एंट्री के लिए है,जबकि इससे कम जीत या फिर किसी भी टेस्ट की हार उसके गणित दूसरी टीमों के फैसले पर टिका सकती है।लगभग कुछ ऐसे ही गणित ऑस्ट्रेलिया टीम के फाइनल में जगह बनाने के लिए बने हुए हैं।खैर यख तो वक्त ही बतायेगा कि 2025 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फायनल में कौन सी दो टीमें आमने सामने होती हैं।दरअसल फाइनल की रेस में अब भी भारत-ऑस्ट्रेलिया के साथ श्रीलंका,न्यूजीलैंड ओर साउथ अफ्रीका की टीमें अब भी बरकरार हैं।पॉइंट्स टेबल के हिसाब से भले ही टॉप 5 टीमों के बीच बाद अंतर नजर आ रहा हो लेकिन इन सभी टीमों के बीच पीसीटी यानि परसेंटेज ऑफ पॉइंट्स का अंतर मामूली है।इसी वजह से कोई भी टीम उलटफेर की आस रख सकती है। भले ही टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह सीरीज अहम हो लेकिन मेरे नजरिये में इस सीरीज के मायने घरेलू टीमों के बुने जाल में खुद उलझना सबसे बड़ा सवाल पैदा करता है।



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक



# डेविस कप: ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से दी शिकस्त

**मलागा एजेंसी**



विश्व नंबर एक पुरुष एकल खिलाड़ी जेनिक सिनर ने अपनी लय कायम रखते हुए इटली को डेविस कप टेनिस के फाइनल में पहुंचा दिया। मौजूदा चैंपियन इटली ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया। दो बार के ग्रैंड स्लेम विजेता सिनर ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर टीम को एकतरफा अंदाज में जीत दिला दी। इससे पहले मातेओ बेरेटिनी ने थनासी कोक्किनाकिस को 6-7, 6-3, 7-5 से हराकर विजयी शुरुआत की थी।

**नीदरलैंड्स से होगी टक्कर:** अब फाइनल में इटली का सामना नीदरलैंड्स से होगा। इससे पहले इटली की महिला टेनिस टीम ने बिली जीन किंग कप खिताब जीता था।

### मैनचेस्टर सिटी की लगातार पांचवीं हार

# क्लब फुटबॉल: इंग्लिश क्लब का साल 2006 के बाद सबसे शर्मनाक प्रदर्शन

**नईदिल्ली. एजेंसी**

मैनचेस्टर. अर्लिंग हॉलैंड जैसे स्टार खिलाड़ियों से सजी मैनचेस्टर सिटी की टीम को इंग्लिश प्रीमियर लीग मैच में टॉटेनहम हॉटस्पर के हाथों 0-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह इंग्लिश क्लब की इस सीजन सभी टूर्नामेंटों में लगातार पांचवीं हार है। 2006 के बाद यह पहला मौका है जब मैनचेस्टर सिटी ने लगातार पांच मैच हारे हैं। घर में यह दूसरी शर्मनाक है। इससे पहले 2003 में आर्सेनल ने सिटी को 5-1 से हराया था। इस हार के बावजूद मैनचेस्टर सिटी की टीम 23 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर मौजूद है।



**मेडिसन ने दागे दो गोल:** टॉटेनहम की ओर से जेम्स मेडिसन ने 13वें व 20वें मिनट में गोल किए, जबकि पेड्रो पोरो ने 51वें व ब्रेनन जॉन्सन ने स्टॉपेज टाइम में गोल दागा। मैच के दौरान सिटी के फिल फोडेन और टॉटेनहम के युव्स बिसॉमा के बीच तकरार भी हुई। बाद में हॉलैंड व अन्य खिलाड़ियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

# भारत ने मलेशिया को 4-0 से दी शिकस्त



**पटना।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियनशिप में शानदार आगाज किया और पहले मैच में मलेशिया को 4-0 से शिकस्त दी। मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक दो गोल संगीता कुमारी ने किए। उन्होंने आठवें और 55वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया। वहीं, प्रीति दुबे ने 43 और उदिता ने 44वें मिनट में गोल दागा। भारतीय टीम ने शुरुआत से ही मलेशिया पर दबाव बनाया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला दक्षिण कोरियाई टीम से होगा। टूर्नामेंट के अन्य मुकाबलों में चीन ने थाइलैंड को 15-0 से करारी शिकस्त दी। हालांकि जापान को दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।



## मेट्रो बाजार

# 10 आईपीओ दिसंबर में 20,000 करोड़ जुटाएंगे, 30 ऑफर कतार में

**मुंबई. एजेंसी**

अक्टूबर-नवंबर में शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण आइपीओ बाजार भी कुछ हद तक सुस्त रहा, हालांकि इस दौरान हुंडई, स्विगी और एनपीटीपी ग्रीन जैसे के बड़े आइपीओ लॉन्च हुए। लेकिव अब महाराष्ट्र में भाजपा की जीत से बाजार का सेंटीमेंट सुधरने के की उम्मीद है, साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली भी सुस्त हुई है, जिससे दिसंबर में प्राइमरी मार्केट में तेजी की उम्मीद है। मर्चेंट बैंकरों के मुताबिक, अगले महीने में कम-से-कम 10 कंपनियां आइपीओ के जरिए 20,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही हैं। इसमें रिटेल कंपनी विशाल मेगा मार्ट और ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली डायमंड ग्रेडिंग कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। मर्चेंट बैंकरों के मुताबिक, शिक्षा-केंद्रित एनबीएफसी अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज, टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज, अस्पताल श्रृंखला पारस हेल्थकेयर और निवेश बैंक डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स भी




दिसंबर में आइपीओ लॉन्च करेंगी। ये आइपीओ विभिन्न क्षेत्रों और आकारों के होंगे। इनमें नए शेयरों का निर्गम और बिक्री पेशकश (ओएफएस) दोनों शामिल हैं। 2024 में अब तक 75 मेनबोर्ड कंपनियों ने आइपीओ के जरिए अब तक रेकॉर्ड 1.30 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। इस साल आइपीओ से जुटाई रकम 1.50 लाख करोड़ रुपए को पार कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगले कुछ महीनों में भारतीय बाजार में 30 से अधिक आइपीओ आने की संभावना है, जिससे प्राथमिक बाजार में और अधिक हलचल देखने को मिलेगी। इस साल आइपीओ ने अब तक औसतन 25 फीसदी रिटर्न दिया है।

# एसआइपी से निवेश पहली बार 25,000 करोड़ पार, गोल्ड ईटीएफ की बढ़ी चमक

**मुंबई. एजेंसी**

अमरीकी चुनाव को लेकर जारी अनिश्चितता, चीन के राहत पैकेज से भारतीय बाजार से विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली और एफएंडओ पर सेबी की सख्ती से अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार में 6 फीसदी की गिरावट आई। इसका फायदा उठाने के लिए खुदरा व छोटे निवेशकों ने म्यूचुअल फंड्स के जरिए रेकॉर्ड निवेश किया। इक्विटी फंड्स में अक्टूबर के दौरान 41,887 करोड़ का निवेश हुआ, जो सितंबर की तुलना में 21 फीसदी ज्यादा है। इस दौरान एसआइपी से पहली बार निवेश 25,000 करोड़ के पार निकला और गोल्ड ईटीएफ में भी अब तक का ज्यादा निवेश आया। म्यूचुअल फंड्स के संगठन एम्फी की ओर से जारी किए डेटा के मुताबिक, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में अक्टूबर माह के दौरान कुल 2.40 लाख करोड़ रुपए का निवेश आया। यह ताबड़तोड़ निवेश डेट स्कीमों में 1.57 लाख करोड़ रुपए के निवेश की वजह से आया। एसआइपी के खातों की संख्या 10.12 करोड़ के पार पहुंच गई।

**यह भी जानें:** 67.25 लाख करोड़ रहा म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का कुल एयूएम, एयूएम सितंबर, 2024 के बराबर ही रहा1,57,402 करोड़ रुपए का निवेश आया डेट फंड्स में, जिसमें सितंबर में 1,13,834 करोड़ की निकासी हुई थी16863 करोड़ का निवेश हाइब्रिड फंड्स में तो इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ में आया 23,428 करोड़ रुपए का निवेश21.65 करोड़ हुए कुल म्यूचुअल फंड खाते अक्टूबर में, इनमें छोटे निवेशकों के 17.23 करोड़ म्यूचुअल फंड फोलियो

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# 'इश्कजादे' में परिणीति की कास्टिंग के खिलाफ थे अभिनेता अर्जुन कपूर

*2012 में फिल्म इश्कजादे से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में माना कि वह इश्कजादे में अपनी को-स्टार परिणीति चोपड़ा को कास्ट करने के खिलाफ थे। आखिर ऐसा क्यों जानें.... अर्जुन कपूर ने परिणीति चोपड़ा के साथ इश्कजादे में अपने अभिनय की शुरुआत की। लेकिन उस समय, परिणीति अपनी पहली फिल्म लेडीज वर्सेस रिकी बहल के साथ शोबिज में कदम रख चुकी थीं, जबकि वह सेट पर काफी शांत और मजेदार थीं।*

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान, अर्जुन कपूर ने यह स्वीकार किया कि जब उनकी फिल्म इश्कजादे की कास्टिंग हुई थी, तब वह परिणीति चोपड़ा के खिलाफ थे। लेकिन मॉक शूट के दौरान वह परिणीति की एक्टिंग स्किल्स से दंग रह गए। अर्जुन ने यह भी कहा कि वह बहुत बातूनी थी और पढ़ने में बहुत। इंटरव्यू के दौरान अर्जुन ने फिल्म इश्कजादे के सेट की बातों को याद करते हुए कहा, जब परिणीति इश्कजादे के सेट पर आईं और उन्होंने एक चुटकुला सुनाया। लेकिन इस पर हंसने के बजाय, उसने जेन-जेड की भाषा 'एलओएल' कहा। मैंने कहा क्या आप बस हंस सकती हैं? इसलिए, मुझे वह परेशान करने वाली लगती थी। अर्जुन ने आगे कहा कि परी अक्सर इमोजी में बात करती थी और यह तब था जब उन्हें लगा कि वह भूमिका के लिए गंभीर नहीं है। मैं 6 महीने से वेट कर रहा हूं कि जोया मिल जाए और परि तो जोया को भी 'लोल लोल' कर रही थीं। परि के साथ इस फिल्म में काम को लेकर मुझे ऐसा लग रहा था कि मेरा करियर खत्म हो गया है। उस समय परिणीति रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा के साथ लेडीज वर्सेज रिकी बहल कर रही थीं । इसलिए, अर्जुन को लगा कि उनके पास कुछ भी दांव पर नहीं है, क्योंकि यह उनकी पहली फिल्म ही थी। अर्जुन ने कहा, उस समय मैं 24 साल का था और मैंने सोचा था कि मैं अपना करियर बनाना चाहता हूं, लेकिन जब उन्होंने मॉक शूट किया, तो अर्जुन उसके हुनर को देखकर इतना हैरान रह गए। वह अपनी डायलॉग और एक्टिंग भूल गए।



# देर रात एक्स गर्लफ्रेंड को मैसेज भेजते हैं अर्जुन कपूर

अभिनेता अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा को कभी बॉलीवुड में 'लवबर्ड' का टैग मिला। दोनों सितारे काफी लंबे वक्त तक रिलेशनशिप में रहे। उम्र में अच्छा-खासा फासला होने के बाद भी इनके प्यार के खूब चर्चे रहे। हालांकि, कथित तौर पर दोनों की राहें जुदा हो गई हैं। मलाइका से ब्रेकअप के बीच अर्जुन ने एक्स-गर्लफ्रेंड को लेकर कुछ ऐसी बात स्वीकार की है, जिसे मलाइका से जोड़कर देखा जा रहा है। अभिनेता ने हाल ही में देर रात एक्स गर्लफ्रेंड को मैसेज भेजने के बात स्वीकार की है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने मैशेबल इंडिया के साथ अपनी पेशेवर और निजी जिंदगी के कई दिलचस्प पहलुओं पर बात की। एक दौरान एक फनी सेशन के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी अपने किसी दोस्त को देर रात मैसेज भेजा है? अभिनेता ने तुरंत पूछा कि क्या होस्ट ने उनके लिए सवाल को जेनरलाइज किया है? इसके बाद अर्जुन कपूर ने इस सवाल का जवाब हां में दिया। इसके बाद एंकर ने अर्जुन से पूछा कि क्या आपने कभी अपने किसी एक्स को देर रात मैसेज भेजा है? एक्स गर्लफ्रेंड को देर रात मैसेज भेजने के सवाल पर अर्जुन कपूर ने मजाइका अंदाज में वह प्लेकार्ड दिखाया जिस पर लिखा था, आई हैव। इस तरह उन्होंने यह स्वीकार कर लिया कि देर रात उन्होंने अपनी एक्स को मैसेज किए हैं।



# सिंगर दिलजीत के कॉन्सर्ट को एक्ट्रेस निमरत कौर ने बताया सबसे बेहतरीन



पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के 'दिल-लुमिनाती टूर' का आनंद अभिनेत्री निमरत कौर ने उठाया। अभिनेत्री ने दिलजीत के इस कार्यक्रम को अब तक का सबसे बेहतरीन कार्यक्रम कहा है। पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ इस समय अपने 'दिल-लुमिनाती टूर' से भारत के प्रशंसकों का मनोरंजन कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने पुणे में एक कार्यक्रम किया। उनके इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए अभिनेत्री निमरत कौर भी लाइव शो में पहुंचीं और संगीत का आनंद उठाया। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया पर दिलजीत के इस प्रोग्राम में हिस्सा लेने के बाद अपने अनुभवों को साझा किया है। निमरत कौर ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर दिलजीत के पुणे में हुए लाइव शो के अपने अनुभव साझा किए। अभिनेत्री ने इसे अपने जीवन का सबसे बेहतरीन संगीत कार्यक्रम बताया। पोस्ट में निमरत की एक सेल्फी भी शामिल है। साथ ही कुछ वीडियोज भी हैं। पोस्ट में साझा किए गए वीडियो में उन्होंने दिलजीत के हिट ट्रैक वाइब, किन्नी किन्नी, लेमोनेड, नैना, हस हस और भूल भुलैया के टाइटल ट्रैक पर डांस किया है। निमरत ने कार्यक्रम में सुरक्षा कर्मियों के साथ भी तस्वीर ली है। इस दौरान अभिनेत्री ने अपने आउटफिट को कैजुअल, लेकिन स्टाइलिश रखा। अभिनेत्री ने प्रिंटेड रेड और व्हाइट शर्ट, ब्लू डेनिम जींस और व्हाइट स्नीकर्स के साथ व्हाइट क्रॉप टॉप पहना था। उन्होंने अपने लुक को रेड स्लिंग बैग और खुले बालों के साथ पूरा किया। निमरत दिलजीत को चीयर करने के लिए भीड़ में शामिल हो गईं। पोस्ट की हुई तस्वीरों के साथ निमरत ने लिखा, ्रहोना नी मैं ठीक हो गई हूं...अब तक का सबसे बेहतरीन कॉन्सर्ट। दिलजीत ने अक्टूबर में नई दिल्ली से अपने बहुचर्चित 'दिल-लुमिनाती टूर 2024' के भारत दौरे की शुरुआत की। 'दिल-लुमिनाती टूर' पूरे भारत में प्रशंसकों का मनोरंजन करेंगा। दिलजीत के आगामी संगीत कार्यक्रम कोलकाता में 30 नवंबर, बेंगलुरु में 6 दिसंबर, इंदौर में 8 दिसंबर, चंडीगढ़ में 14 दिसंबर और गुवाहाटी में 29 दिसंबर को होंगे।

### बदमाशों के पास से स्कूटर, बाइक सहित एक हजार रुपए किए बरामद

# सड़कों पर राहगीरों से सरेआम मोबाइल झपटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार पुलिस ने मोबाइल झपटने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से स्कूटर और चोरी की अपाचे बाइक बरामद की है। इसके अलावा एक हजार रुपए की नगदी भी बरामद की गई।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक्सिस स्कूटर के द्वारा मोबाइल झपटने वाले तीन युवक डी मार्ट कलारी गेहूंखेड़ा की तरफ है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस डी मार्ट की कलारी के पास पहुंची तो गेहूखेड़ा रोड पर एक सफेद एक्सिस स्कूटर नजर आई। घेराबंदी की गई?तो युवकों ने स्कूटर लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

स्कूटर के बारे में पूछताछ की गई तो बताया कि वह अपने पड़ोसी से स्कूटर मांगकर लाया था। उसे मां को इलाज के लिए स्कूटर से ले जाना था। उनसे पूछताछ की गई तो वह अलग अलग कहानियां बताने लगे। पूछताछ आरोपियों की पहचान शेख अरबाज पिता शेख वशीर (20) बाग उमराव दूल्हा, स्टेशन बजरिया, शेख तोफिक उर्फ गुड्डू पिता शेख शफीक (23) ऐशबाग के रूप में की गई। तीसरा नाबालिग है।

**मानसरोवर डेंटल कॉलेज के सामने की थी लूट**

आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ की गई?तो उन्होंने बताया कि गत 10 नवंबर को रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास उन्होंने प्रियंका नगर टी स्टाल के सामने मानसरोवर डेंटल कालेज रोड पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति से वीवो कंपनी का मोबाइल झपटा था।

इसके अलावा चूनाभट्टी के बड़े बंगलो के सामने नहर के किनारे रोड पर पैदल चल रहे युवक से मोबाइल झपटा था। दोनो मोबाइल इरानी डेरा अमन कालोनी करोंद निवासी सफदर इरानी उर्फ शाहरुख को 2-2 हजार रुपए में बेचे दिए।

आरोपी शेख तोफिक ने छह महीने पहले डी मार्ट कलारी कोलार रोड के सामने रोड के किनारे से एक बाइक चुराना स्वीकार किया और बताया कि चोरी की हुई बाइक का पेट्रोल खत्म होने से उसने बाइक वंदना नगर पार्किंग में खड़ी कर दी थी।



## घर में घुसकर देवर ने की भाभी से की छेड़छाड़

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में देवर द्वारा सगी भाभी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी देवर के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 27 साल की महिला थाना क्षेत्र के एक कस्बे में रहती है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि सोमवार दोपहर पति काम पर गया था और घर में अकेली थी। इस दौरान उसका देवर घर में घुस गया और बुरी नियत से उसके साथ छेड़छाड़ की। उसने आरोपी को विरोध किया तो वह धमकी देते हुए घर से चला गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद दंपती थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।



### फंदे पर लटके देख उतारा, अस्पताल में मौत

# दो विवाहिताओं ने घर में फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गणपति इन्क्लेव में एक महिला ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही पति उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया था। वहां चले एक दिन इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार करिश्मा सिंह पति दीपक सिंह (32) गणपति इन्क्लेव, कोलार रोड पर रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति दीपक सिंह प्राइवेट काम करता है। दीपक ने पुलिस को बताया कि रविवार को करिश्मा ने कमरे में फांसी लगा ली थी।

नजर पड़ते ही वह उसे फांसी के फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान सोमवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**पति से अलग विवाहिता ने लगाई फांसी**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बाजार जहांगीराबाद में नव विवाहिता ने फांसी लगा ली। पारिवारिक विवाद के कारण वह पति से अलग अपनी मां के साथ रह रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। आज पीएम के बाद मां समेत रिश्तेदारों के बयान दर्ज किए जाएगे। पुलिस के अनुसार वैशाली पति दीपक (24) का पति से विवाद चल रहा?था और कोर्ट में प्रकरण भी विचाराधीन है। वैशाली यहां अपनी मां के साथ रह रही?थी। परिवार में मां और बेटी बस थे। वैशाली ने सोमवार दोपहर कमरे में फांसी लगा ली। मां की चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग वैशाली को फंदे से उतारकर उसे अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टर ने चेक करते ही उसे मृत घोषित कर दिया।

# सहेली के घर जा रही नाबालिग से मनचले ने घर ले जाकर की छेड़छाड़, केस दर्ज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में सत्रह साल की नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी उसे बहला फुसलाकर उसे अपने घर ले गया था। वहां बुरी नियत से छेड़छाड़ की।

पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे छोड़ दिया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने परिजन को घर पहुंचकर दी। इसके बाद परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार 17 साल की नाबालिग इलाके में रहती हैं और दसवीं कक्षा में पढ़ती है।

उसने परिजन के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की। उसने बताया कि रियाज खान पूर्व में उनका पड़ासी था, तभी से वह रियाज को पहचानती है। वह रियाज से बातचीत करती थी। करीब दो महीने पहले परिजन को पता चला कि वह रियाज से बातचीत करती है तो परिजन ने उसे समझाइश दी थी। परिजन की समझाइश के बाद उसने रियाज से बातचीत करनी बंद कर दी।

**बहला फुसलाकर ले गया था घर**

गत 22 नवंबर को वह मोहल्ले में रहने वाली सहेली के घर जा रही थी। इस बीच रास्ते में उसे रियाज मिला और अपने घर ले गया। वह कह रहा?था कि जरूरी बात करनी है। इसके बाद घर ले जाकर बुरी नियत से छेड़छाड़ की।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला

# सिर चेहरे पर मिली गंभीर चोट, हत्या की आशंका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित होली क्रॉस स्कूल चौराहा से कुछ दूरी पर सेमरी सड़क किनारे झाड़ियों से पुलिस ने एक युवक की लाश बरामद की है। मृतक के चेहरे पर चोट के गंभीर निशान है। अनुमान है कि किसी धारदार हथियार से उसके गाल और मुंह के पास हमला कर उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मचूरी भेज दिया है। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके।



पुलिस के अनुसार सोमवार की दरमियानी रात पुलिस ने सेमरी गेट के बगल में होली क्रॉस स्कूल चौराहा से एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की उम्र करीब 40 साल के आसपास होगी। वह काले रंग की जैकेट सफेद रंग कि शर्ट, लाइन वाली शर्ट और नीले रंग का इनर पहने हुए है। इसके अलावा ग्रे रंग का पेंट पहने है। मृतक के चेहरे पर 3-4 गहरे घांव हैं। उसके पास हाकिंस, बजाज कंपनी का छोटा सिलेंडर और छोटा चूल्हा पड़ा हुआ है।

**निर्माणाधीन मकान के टैंक में मिली चौकीदार की लाश**

उधर बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित घोड़ापछाड़ डैम गुरुद्वारा के पास निर्माणाधीन मकान के टैंक में चौकीदार की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। वे टैंक में कैसे गिरे इसकी जांच की जा रही है। पुलिस फिलहाल इसे हादसा मानकर चल रही है। 55 साल के बृजलाल मीणा घोड़ापछाड़ डैम के पास रहते थे। वे इसी इलाके में गुरुद्वारा के पास एक निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी कर रहे थे। उनके बेटे सचिन मीणा ने पुलिस को बताया रोज पिता रात में चौकीदारी करने जाते थे और सुबह लौट आते थे। सोमवार सुबह वह घर नहीं लौटे। सचिन समेत परिजन अपने अपने काम पर निकल गए। शाम को सचिन और अन्य सदस्य काम से लौटे तो बृजलाल मीणा नहीं दिखे। सचिन ने मां से पूछा तो उन्होंने बताया कि वह सुबह घर नहीं आए। सचिन उन्हें देखने निर्माणाधीन मकान पर पहुंचा। वहां तलाश करने पर पता चला कि उनकी लाश टैंक में पड़ी है।

### सिग्नल पर रुके कर्नल की कार को मारी टक्कर

**भोपाल।** पीतल मंदिर के सामने कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक कार चलाकर कर्नल की कार को टक्कर मार दी। सिग्नल रेड होने के कारण कर्नल ने कार खड़ी कर दी थी। टक्कर लगने से उनकी कार का बंपर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। कार में बैठे परिवार को चो नहीं आई है। उन्होंने घटना की शिकायत तत्काल टीटी नगर थाने पहुंचकर की। पुलिस ने आरोपी चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। कर्नल बीके शर्मा द्रोणाचल टप न्योरी हिल्स, एयरपोर्ट रोड गांधीनगर में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि आर्मी में कर्नल के पद पर है। उनकी जैसलमेर में पोस्टिंग है। इन दिनों वह भोपाल छुट्टी पर आए हुए हैं। कल सोमवार रात वह करीब 9 बजे वे अपनी फैमिली के साथ मारुति सुजुकी कार से एमपी नगर गए थे। वहां से रोशनपुरा होते हुए अपने घर गांधीनगर जा रहे थे। पीतल मंदिर के सामने टीटी नगर में रेड सिग्नल होने के कारण वह रुक गए। इस दौरान रोशनपुरा की तरफ से आ रही कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से कार चलाकर उनकी कार में पीछे टक्कर मार दी।

### आरोपी ने बनाई दूरी तो कराई एफआईआर

# निजी अस्पताल की नर्स से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खजूरी सड़क पुलिस ने निजी अस्पताल की नर्स की शिकायत पर सहकर्मी पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। करीब सात महीने से आरोपी उसका दैहिक शोषण कर रहा था। अब कहीं और शादी कर रहा है। पीड़िता को पता चला कि वह कहीं और शादी कर रहा है तो पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने बलात्कार का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 26 साल की युवती मूलत-सीहोर की रहने वाली है। वह भैंसाखेड़ी स्थित एक निजी अस्पताल में नर्स थी। इन दिनों वह दूसरे अस्पताल में नौकरी कर रही है। भैंसाखेड़ी के अस्पताल में नौकरी करते समय उसकी दोस्ती सीहोर निवासी पंकज चौरसिया से हो गई।

पंकज चौरसिया ने उसे शादी का प्रलोभन दिया और उसके रूम पर आने जाने लगा। आरोपी कहता था कि जल्द ही शादी कर लेंगे। इसके बाद पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाने लगा। आखिरी बार उसने करवाचौथ के समय पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाए थे। कुछ दिनों से आरोपी ने उससे दूरियां बढ़ा ली। युवती ने उसके पंकज के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह कहीं और शादी कर रहा है। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस थाने पहुंचकर उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।




### मेट्रो एंकर मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

# भारतीय संविधान जीवन मूल्यों से अनुप्राणित: डॉ. पारे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में सोमवार को संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनिल पारे, सेवानिवृत, जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. संजय तिवारी, कुलगुरु, मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय ने की। संविधान दिवस के अवसर पर सदन में उपस्थित सभी ने संविधान की रक्षा करने एवं संविधान को सर्वोपरि रखने हेतु शपथ भी ली। इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश डॉ. अनिल पारे ने कहा कि संविधान की मूल आत्मा उसकी प्रस्तावना है। भारतीय संविधान भारतीय जीवन मूल्यों से अनुप्राणित है। जिस प्रकार हम अपने कष्टों को दूर करने, दुःखों को त्यागने और सुखों की प्राप्ति के लिए ईश्वर के दरवाजे पर घंटी बजाते हैं ठीक उसी प्रकार संविधान से भी नाता हर एक भारतीय का है। डॉ. पारे ने 15 अगस्त 1947 के तुरंत बाद स्वतंत्रता सेनानियों के मध्य उत्पन्न चिंता और उसपे चिंतन को विस्तार से सरल वाक्यों में सभा के समझाया और बताया कि, किस प्रकार आजादी के बाद विचार विमर्श करके विभिन्न देशों के संविधानों का अध्ययन कर भारत के लिए उत्कृष्ट संविधान बनाया। जिसमें 2 साल 11 महीने और 18 दिन का वक्त लगा। इसके बाद देश के संविधान की रचना पूर्ण हुई और 26 नवंबर 1949 को देश का संविधान तैयार हुआ। बच्चे देश का भविष्य हैं, प्रोत्साहित करें कुलगुरु प्रो. संजय तिवारी ने कहा कि, बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था कि, संविधान हमें अपनी सीमाओं के बारे में बताता है। हमें अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी समझना चाहिए। 1940 से 1949 तक का समय बहुत ही मनमानियों से भरा था उस दौरान सभी अपने अपने हिसाब से चल रहे थे। कोई नियम कायदा बताने वाला नहीं था।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022